Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 07 अंक: 27 | बुधवार, 28 जनवरी -2026 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## 'सनातन को नजरअंदाज करने वाले कभी सरकार नहीं बना पाएंगे'

# अमित शाह बोले- संतों का आशीर्वाद जरूरी



**नई दिल्ली।**

गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि सनातन धर्म के अनुयायियों को निराश करने वाली सरकार देश में दोबारा सत्ता में नहीं आएगी। स्वामीनारायण संप्रदाय के कार्यक्रम में उन्होंने मोदी सरकार के 11 वर्षों के फैसलों को सनातन मूल्यों से जोड़ा। आइए जानते हैं शाह ने और किन-किन उपलब्धियों का जिक्र किया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सनातन धर्म और उसकी परंपराओं को लेकर बड़ा राजनीतिक बयान दिया है। गुजरात के गांधीनगर में स्वामीनारायण संप्रदाय के एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि जो सरकार सनातन धर्म के अनुयायियों को निराश करती है, वह देश में दोबारा सत्ता में नहीं लौट सकती। उनके इस बयान को आने वाले राजनीतिक हालात और सांस्कृतिक विमर्श से जोड़कर देखा जा रहा है। यह कार्यक्रम स्वामीनारायण संप्रदाय के पवित्र ग्रंथ शिक्षापत्री के 200 वर्ष पूरे होने के अवसर पर आयोजित किया गया था। शिक्षापत्री में 212 संस्कृत श्लोक हैं, जिन्हें भगवान स्वामीनारायण ने 1826 में लिखा था। यह ग्रंथ अनुयायियों के लिए आचरण, नैतिकता, समाज और आध्यात्मिक जीवन का मार्गदर्शन करता है। अमित शाह ने कहा कि आजादी के बाद लंबे समय तक सनातन परंपराओं को उचित सम्मान देने वाली सरकार की प्रतीक्षा रही। अमित शाह ने भगवान स्वामीनारायण को ब्रिटिश काल में समाज को दिशा देने वाला महापुरुष बताया। उन्होंने कहा कि भगवान स्वामीनारायण ने पैदल यात्रा कर समाज सुधार का कार्य किया। शिक्षापत्री को उन्होंने जीवन का नैतिक संविधान बताया, जो पारदर्शिता, अहिंसा, करुणा और कर्तव्यबोध सिखाता है। उन्होंने कहा कि कन्या शिक्षा, जातिवाद और छुआछूत के विरोध जैसे सुधार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं।

### सनातन धर्म पर शाह का संदेश

अमित शाह ने कहा कि संतों के आशीर्वाद से उन्हें पूरा भरोसा है कि जो सरकार सनातन धर्म के मूल्यों को कमजोर करेगी, वह दोबारा सत्ता में नहीं आएगी। उन्होंने कहा कि आज देश में ऐसी सरकार है, जो सनातन धर्म के सिद्धांतों के अनुसार शासन कर रही है और सांस्कृतिक विरासत को मजबूत कर रही है।

## आज से संसद का बजट सत्र शुरू



**नई दिल्ली।**

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 1 फरवरी, 2026 को केंद्रीय बजट 2026 प्रस्तुत करेंगी। यह उनका लगातार नौवां बजट होगा। संसद का बजट सत्र 28 जनवरी से 2 अप्रैल तक चलेगा, जिसमें 13 फरवरी से 9 मार्च तक अवकाश रहेगा। संसद के बजट सत्र की शुरूआत आज राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधन के साथ होगी। देश के संसदीय इतिहास में ऐसा पहली बार होगा, जब आम बजट को रविवार को पेश किया जाएगा। 1 फरवरी (रविवार) को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण लगातार नौवीं बार केंद्रीय बजट प्रस्तुत करेंगी। राष्ट्रपति के अभिभाषण के बाद संसद में बृहस्पतिवार को आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया जाएगा, जो इस बार आम बजट से तीन दिन पहले लाया जा रहा है। यह भी अपने आप में एक नया प्रयोग माना जा रहा है। राष्ट्रपति अपने संबोधन में सरकार की उपलब्धियों के साथ-साथ आने वाले समय की नीति और प्राथमिकताओं का खाका प्रस्तुत करेंगी।

### 1 फरवरी को रविवार, बनेगा इतिहास

इस बार केंद्रीय बजट 1 फरवरी को पेश किया जाएगा, जो रविवार है। संसद के इतिहास में यह एक दुर्लभ अवसर है। सरकार ने इस दिन को आधिकारिक तौर पर ह्यबजट डेह्ल घोषित किया है। निर्मला सीतारमण का यह लगातार नौवां बजट होगा, जिससे उनसे बड़े आर्थिक फैसलों की उम्मीद की जा रही है।

## दिल्ली के रोहिणी में एनकाउंटर, पुलिस ने तीन बदमाशों को दबोचा



**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने रोहिणी में एक एनकाउंटर में तीन बदमाशों को पकड़ा है। तीनों बदमाश शास्त्री पार्क इलाके में हुई एक हत्या के मामले में वांछित थे। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि आरोपी रोहिणी सेक्टर 28 के आसपास होंगे, जिसके आधार पर क्राइम ब्रांच ने जाल बिछाया। जब आरोपी वहां पहुंचे तो पुलिस ने उन्हें सरेंडर करने को कहा, लेकिन उन्होंने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। दोनों तरफ से कई राउंड फायर हुए। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने तीनों आरोपियों को पैरों में गोली मारी ताकि उन्हें नियंत्रित किया जा सके और भागने से रोका जा सके। तीनों घायल आरोपियों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। दिल्ली पुलिस ने इसे आत्मरक्षा में की गई कार्रवाई बताया है।

## राष्ट्रपति मुर्मु ने यूरोपीय संघ के नेताओं के सम्मान में दिया भोज



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने वैश्विक एकता की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि भारत और यूरोपीय संघ को आधुनिक जटिलताओं का सामना करने के लिए सामूहिक कार्रवाई का समर्थन करना चाहिए।

उन्होंने कहा, "इस वैश्विक अनिश्चितता के समय में हमारे पास एक साझा विश्व दृष्टिकोण और परिप्रेक्ष्य है।" यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उसुर्ला वान डेर लेयेन के सम्मान में आयोजित भोज में राष्ट्रपति मुर्मु ने बदलते भू-राजनीतिक परिदृश्य की चुनौतियों के बारे में बात की और प्रणालीगत विकास के माध्यम से बहुपक्षीयता को मजबूत करने का समर्थन किया। उन्होंने कहा,"हम मानते हैं कि वैश्विक चुनौतियों के लिए सामूहिक समाधान की आवश्यकता है और हम मानते हैं कि अंतरराष्ट्रीय संस्थानों को कमजोर नहीं, बल्कि सुधारित किया जाना चाहिए।

**बोलीं- 'संतुलन और स्थिरता के लिए उभरते भारत-ईयू संबंध'**

## भारत-ईयू ट्रेड डील: एमएसएमई की होगी चांदी




**नई दिल्ली।**

भारत और 27 देशों वाले यूरोपीय यूनियन (ईयू) के बीच व्यापार समझौते से छह सेक्टरों और छह से अधिक राज्यों को इसका खासा लाभ मिलने जा रहा है। इन सभी सेक्टरों में एमएसएमई की 50 प्रतिशत से अधिक की हिस्सेदारी है।

टेक्सटाइल : इस पर अभी ईयू में 12 प्रतिशत का शुल्क लगता है। व्यापार समझौता लागू होते ही यह शून्य हो जाएगा। ईयू सालाना 263 अरब डालर के टेक्सटाइल का आयात करता है और इसमें भारत की हिस्सेदारी सिर्फ 7.2 अरब डालर की है। इसलिए इस शून्य शुल्क को बड़े मौके रूप में देखा जा रहा है। पंजाब में लुधियाना को गारमेंट इंडस्ट्री के लिए जाना जाता है। वहीं जालंधर के स्पो ?र्ट्स गुड्स का निर्यात ईयू में पहले से हो रहा है। पंजाब से इंजीनियरिंग आइटम्स का भी निर्यात होता है। इन आइटम्स पर शुल्क समाप्त होने से निर्यात बढ़ेगा। उत्तर प्रदेश को भी इसका लाभ मिलेगा।

केमिकल्स : ईयू के बाजार में केमिकल्स के निर्यात पर 13 प्रतिशत तक शुल्क लगता है। फार्मा व केमिकल्स पर ईयू के बाजार में 3-5 प्रतिशत शुल्क लगता है जो अब जीरो हो जाएगा। ईयू सालाना 500 अरब डालर के केमिकल्स व फार्मा का आयात करता है, इसमें भारत की हिस्सेदारी सिर्फ 10 अरब डालर है। यहां भी निर्यात बढ़ाने का बड़ा मौका है। इससे गुजरात में भरूच एवं वडोदरा के केमिकल उद्योग के निर्यात को प्रोत्साहन मिलेगा।

## 2032 तक तीन नैनोमीटर वाले चिप बनाना लक्ष्य, सरकार का छह बड़े सिस्टम पर फोकस



**नई दिल्ली।**

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को कहा कि सरकार 2032 तक तीन नैनोमीटर नोड के हाईटेक छोटे चिप बनाने का लक्ष्य लेकर चल रही है। इन चिप का इस्तेमाल स्मार्टफोन और कंप्यूटर में होता है। वैष्णव ने कहा कि सरकार डिजाइन लिंक्ड इंसेंटिव स्कीम के दूसरे चरण के तहत चिप की छह श्रेणियों (कंप्यूटर, रेडियो फ्रीक्वेंसी, नेटवर्किंग, पावर, सेंसर और मेमोरी) पर फोकस करेगी, जिससे देश की कंपनियों को 70-75 प्रतिशत टेक्नोलॉजी प्रोडक्ट बनाने में मदद मिलेगी। मंत्री ने डिजाइन-लिंक्ड इंसेंटिव स्कीम के तहत चुनी गई 24 चिप डिजाइन फर्मों के साथ बैठक के बाद कहा, "2032 का हमें तीन नैनोमीटर चिप मैन्युफैक्चरिंग और डिजाइन का लक्ष्य हासिल करना है। यह बात ठीक है कि इस तरह के चिप की डिजाइन हम अभी कर रहे हैं, लेकिन हमें इस तरह की चिप की मैन्युफैक्चरिंग भी देश में करनी होगी।

## इंदौर के दूषित पेयजल मामले की होगी न्यायिक जांच



**इंदौर।**

इंदौर शहर के भागीरथपुरा क्षेत्र में दूषित पेयजल से 29 मौतों और 3300 से अधिक लोगों के बीमार होने के मामले की अब न्यायिक जांच की जाएगी। इसके लिए हाई कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश सुशील कुमार गुप्ता के न्यायिक जांच आयोग का गठन किया गया है। इस आयोग को चार सप्ताह के भीतर हाई कोर्ट की इंदौर खंडपीठ के समक्ष अपनी अंतरिम रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी। मामले में अगली सुनवाई पांच मार्च 2026 को होगी। दरअसल, भागीरथपुरा दूषित जल मामले में पांच जनहित याचिकाओं की सुनवाई के बाद हाई कोर्ट ने अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था, जो मंगलवार देर शाम जारी हुआ। हाई कोर्ट ने न्यायिक जांच के आदेश जारी करते हुए कहा कि मामले की स्वतंत्र और निष्पक्ष आयोग से जांच करवाना आवश्यक है, ताकि वास्तविकता का पता लगाया जा सके। कोर्ट ने जिला प्रशासन, नगर निगम, पीएचई और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को जांच में पूरा सहयोग देने और आवश्यक रिकार्ड और जानकारी उपलब्ध कराने के लिए कहा है।

यह न्यायिक आयोग भागीरथपुरा में पानी के दूषित होने के कारण, मृतकों की वास्तविक संख्या, स्वच्छ पानी उपलब्ध कराने के निगम के दावों सहित अन्य च्बदुओं पर जांच करेगा।

## उत्तर भारत में मौसम का कहर, दिल्ली-यूपी में बारिश

**नई दिल्ली।**

उत्तर भारत में पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से मौसम ने एक बार फिर करवट ली है। मंगलवार को दिल्ली-एनसीआर, पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में रुक-रुक कर वर्षा और कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि हुई, जबकि जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के पहाड़ी इलाकों में भारी बर्फबारी जारी रही। इससे सड़क, रेल और हवाई यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ है। कश्मीर घाटी में ताजा हिमपात के कारण श्रीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर मंगलवार को सभी 58 उड़ानें (आने-जाने वाली) रद कर दी गईं। रनवे पर बर्फ जमा होने से सुरक्षित उड़ान संचालन असंभव हो गया। इससे सैकड़ों पर्यटक, जो गणतंत्र दिवस और सप्ताहांत के बाद वापस लौटने वाले थे, फंस गए हैं। अधिकारियों ने यात्रियों को एयरलाइंस से संपर्क करने की सलाह दी है। जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-44) काजीगुंड और बनिहाल के बीच भारी बर्फबारी के चलते यातायात के लिए पूरी तरह बंद कर दिया गया है। जगह-जगह वाहनों की लंबी कतारें लग गई हैं, और हजारों यात्री प्रभावित हुए हैं। बर्फ हटाने का अभियान जारी है, लेकिन मौसम की खराबी के कारण बहाली में देरी हो रही है। रेल सेवाएं भी प्रभावित रही हैं, जहां बनिहाल-बडगाम खंड पर कुछ ट्रेनें रद या आंशिक रूप से प्रभावित हुईं।

श्रीनगर में मंगलवार को अधिकतम तापमान मात्र 2.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस सर्दी का अब तक का सबसे ठंडा दिन रहा। ठंड में इजाफा होने से लोगों को कड़ाके की सर्दी का सामना करना पड़ रहा है। जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में भद्रवाह–छत्रगला सड़क पर भारी बर्फबारी में फंसे 40 सैनिकों सहित 60 लोगों को बीआरओ (सीमा सड़क संगठन) ने चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में सुरक्षित निकाला।



## संपादक की कलम से

# हम भारत के लोग

भारत का 77वां गणतंत्र दिवस बीत गया। एक राष्ट्रीय पर्व, राष्ट्रीय समारोह और राष्ट्रीय स्वाभिमान का दिवस भी बीत गया। आप सभी ने राजधानी दिल्ली के कत्र्तव्य पथ पर, परेड के जरिए, भारत की सामरिक, सांस्कृतिक, कलात्मक, आध्यात्मिक और क्षेत्रीय संप्रभुता का प्रदर्शन टीवी पर देखा होगा। कितना विविध, विराट और एकजुट, अखंड है भारत! यह व्यावहारिक तौर पर संविधान दिवस भी था, क्योंकि 26 जनवरी, 1950 को हमारा संविधान लागू हुआ था। यह तारीख भी ऐतिहासिक है, क्योंकि 26 जनवरी, 1930 को हमारे क्रांतिकारी, स्वतंत्रता सेनानी पुरखों और तत्कालीन कांग्रेस ने पूर्ण स्वराज्य की घोषणा की थी। गोरी, अंग्रेज हुकूमत को चेतावनी दी गई थी कि भारत को अब स्वतंत्रता चाहिए। हमारा संविधान 1,46,385 शब्दों का सबसे विस्तृत और लिखित दस्तावेज है, लिहाजा अभूतपूर्व और अनूठा है। संविधान देश के नागरिक को समान अधिकार देता है। हम भारत के लोग.. में अंबानी, अदाणी, टाटा घराने भी हैं और एक अदना, अनाम गरीब, आम आदमी भी इसमें समाविष्ट है। संविधान न तो खंडित किया जा सकता है और न ही उसकी अवहेलना, अनदेखी की जा सकती है। ऐसा करना संज्ञेय, दंडनीय अपराध है। संविधान ही राष्ट्र है। संविधान की व्याख्या, अपवाद के तौर पर, अलग प्रकार से की जा सकती है, लेकिन संविधान की मूल आत्मा और भावना एक ही है-हम भारत के लोगङ्कसंप्रभु, लोकतांत्रिक, पंथनिरपेक्ष, समाजवादी भारत के लोगङ्क। कमोबेश ऐसे राष्ट्रीय पर्व के दिन तो ढोंग, विरोध, धर्मांधता से बचा जा सकता था। संविधान की छद्म प्रति लहरा कर देश को गुमराह करने की कोशिशें, अंतत:, बंजर ही साबित हुई हैं। दो युवकों ने ताजमहल में घुस कर तिरंगा लहराया। यह राष्ट्रीय ध्वज और राष्ट्र का अपमान है। ताजमहल पूरी तरह भारत का विश्वविख्यात आश्चर्य है। यदि तिरंगा फहराया जाना था, तो वह सार्वजनिक समारोह मनाया जा सकता था। घुसकर ऐसा करना सांप्रदायिकता है, जो संविधान-विरोधी है। उप्र के एक शहर में तिरंगा-यात्रा के दौरान कुछ असामाजिक, देश-विरोधी तत्त्वों ने अल्लाह-हू-अकबर के नारे लगाए और दूसरों को बाध्य किया। यह संवैधानिक उच्छृंखलता है। संविधान ऐसी अभिव्यक्ति की आजादी का अधिकार नहीं देता। संविधान ने प्रत्येक नागरिक को मौलिक अधिकारों में मताधिकार की शक्ति दी है। हम लोकतांत्रिक देश हैं, लिहाजा मताधिकार प्राप्त नागरिक एक वोट के जरिए जनादेश दे सकता है कि कौनसी सरकार काम करेगी और किसे सत्ता से बेदखल किया जाता है, लेकिन गंभीर विडंबना है कि हर तीसरा नागरिक वोट ही नहीं देता है। चुनावों का यह औसत सामने आया है। देश में 97-98 करोड़ मतदाता हैं। अब विशेष गहन पुनरीक्षण के अभियानों के बाद मतदाताओं का यह आंकड़ा बढ़ भी सकता है। औसत वोट नहीं डालने वालों का आंकड़ा अमरीका की कुल आबादी से भी अधिक है। बहरहाल आज भी देश में सडक हादसों में करीब 1.77 लाख लोग सालाना मरते हैं और घायलों की संख्या अलग है।



ललित शर्मा
संपादक

## कविता

### जीत होगी तेरी दमदार

मोनिका डागा



सत्य के पथ पर हो अग्रसर,
बढ़े जा तू कर्मों के रथ पर,
अपने सपनों को दे विस्तार,
हौसलों की बुलंद उड़ान भर ।

निराशा को पूर्णत: नकार कर,
आत्मविश्वास का कर संचार,
परिश्रम की तीव्र हुंकार भर,
लक्ष्य विजय श्री साकार कर ।

ईश्वर को कर प्रतिदिन नमस्कार,
रोम-रोम में ₹आनंद₹ प्रवाह कर,
साथ लेकर चल अपना परिवार,
खुद में खुशियों का उत्साह भर ।

अपनी प्रतिभा पर कर विचार,
तुझमें बसा अनुपम कलाकार,
कदमों को दे दिशा संग रफ्तार,
तू है सक्षम सुंदर सृजनकार ।

मीठी वाणी प्रेम की रसधार,
गुणवान को पूजता है संसार,
ज्ञान कौशल को बना आधार,
फिर जीत होगी तेरी दमदार ।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर , दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया । संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

## भारत-यूरोपीय संघ महाडील

# बदलती विश्व व्यवस्था में भारत की रणनीतिक छलांग-मदर ऑफ ऑल डील और 21वीं सदी की नई वैश्विक आर्थिक- राजनीतिक धुरी-एक समग्र विश्लेषण




वैश्विक स्तरपर भारत और यूरोपीय संघ के बीच संपन्न हुई ऐतिहासिक महाडील केवल एक व्यापारिक समझौता नहीं, बल्कि 21वीं सदी की वैश्विक राजनीति, अर्थव्यवस्था और कूटनीति में उभरते भारत की निर्णायक भूमिका का प्रतीक बनकर सामने आई है।भारतीय पीएम द्वारा इसे मदर ऑफ ऑल डील कहा जाना अपने- आप में इस समझौते के व्यापक प्रभाव, दूरगामी निहितार्थ और रणनीतिक महत्व को रेखांकित करता है। मंगलवार, 27 जनवरी को आयोजित 16 वें भारत-यूरोपीय संघ शिखर सम्मेलन में जिस प्रकार मुक्त व्यापार समझौते पर वार्ता पूरी होने की औपचारिक घोषणा की गई और साथ ही सुरक्षा व रक्षा सहयोग समझौतों पर हस्ताक्षर हुए, उसने यह स्पष्ट कर दिया कि भारत और यूरोप अब केवल आर्थिक साझेदार नहीं, बल्कि रणनीतिक सहयोगी के रूप में आगे बढ़ने के लिए प्रतिबद्ध हैं।मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि यह शिखर सम्मेलन उस दौर में हुआ है जब विश्व व्यवस्था तीव्र परिवर्तन के दौर से गुजर रही है। अमेरिका-चीन प्रतिद्वंद्विता रूस-यूक्रेन संघर्ष, पश्चिम एशिया में अस्थिरता आपूर्ति श्रृंखलाओं का पुनर्गठन और संरक्षणवाद की बढ़ती प्रवृत्तियाँ वैश्विक व्यापार और राजनीति की दिशा को प्रभावित कर रही हैं।ऐसे समय में भारत- ईयू महाडील एक संतुलनकारी शक्ति के रूप में उभरती दिखाई देती है, जो न केवल दोनों पक्षों के हितों को साधेगी, बल्कि वैश्विक दक्षिण और बहुपक्षीय व्यवस्था के लिए भी नई संभावनाएँ खोलेगी।पीएम ने यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उसुर्ला वॉन डेर लेयेन और यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा की मेजबानी करते हुए जिस आत्मविश्वास के साथ यह घोषणा की कि भारत ने अपने इतिहास का सबसे बड़ा मुक्त व्यापार समझौता पूरा कर लिया है, वह भारत की आर्थिक कूटनीति में आए आत्मविश्वासपूर्ण परिवर्तन को दशार्ता है।अधिकारियों के अनुसार कानूनी जांच के बाद लगभग छह महीनों में एफटीए पर औपचारिक हस्ताक्षर हो जाएंगे और इसके अगले वर्ष प्रभाव में आने की संभावना है।यह समय- सीमा संकेत देती है कि दोनों पक्ष इसे केवल राजनीतिक घोषणा तक सीमित नहीं रखना चाहते, बल्कि शीघ्र क्रियान्वयन के लिए गंभीर हैं।यह एफटीए भारत और यूरोपीय संघ के बीच दशकों से चली आ रही बातचीत का परिणाम है। वर्षों तक मतभेद, जटिल नियम, पर्यावरणीय मानक, श्रम कानून और टैरिफ जैसे मुद्दे इस समझौते के मार्ग में बाधा बने रहे। किंतु बदले हुए वैश्विक परिदृश्य और भारत की बढ़ती आर्थिक क्षमता ने यूरोप को यह समझने पर मजबूर किया कि भारत को केवल एक उभरता बाजार नहीं, बल्कि एक दीर्घकालिक रणनीतिक साझेदार के रूप में देखना आवश्यक है। भारत के लिए भी यह डील इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यह उसे उच्च-मूल्य वाले यूरोपीय बाजारों तक बेहतर पहुँच प्रदान करती है और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में उसकी भूमिका को मजबूत बनाती है।

साथियों बातें कर हम इस महाडील का दूसरा महत्वपूर्ण पक्ष सुरक्षा और रक्षा सहयोग से जुड़ा है इसको समझने की करें तो, दोनों पक्ष एक रक्षा ढांचा समझौते और एक रणनीतिक एजेंडे को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करने के लिए तैयार हैं।यह संकेत देता है कि भारत और यूरोप अब केवल व्यापार तक सीमित सहयोग नहीं चाहते बल्कि समुद्री सुरक्षा, साइबर सुरक्षा, आतंकवाद- रोधी प्रयासों और रक्षा प्रौद्योगिकी में भी मिलकर काम करने के इच्छुक हैं। यूरोप जिस तरह अमेरिका और चीन पर अपनी अत्यधिक निर्भरता कम करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है, उसमें भारत एक स्वाभाविक और भरोसेमंद विकल्प के रूप में सटीकता से उभरता है।


साथियों बात अगर हम यूरोपीय संघ लंबे समय से स्ट्रैटेजिक ऑटोनॉमी की बात करता रहा है इसको समझने की करें तो, यूक्रेन युद्ध के बाद यह आवश्यकता और भी तीव्र हो गई है, क्योंकि ऊर्जा, रक्षा और आपूर्ति श्रृंखलाओं में यूरोप को अपनी कमजोरियों का एहसास हुआ है। ऐसे में भारत जैसे लोकतांत्रिक, स्थिर और तेजी से बढ़ते देश के साथ रणनीतिक साझेदारी यूरोप के लिए न केवल आर्थिक बल्कि भू- राजनीतिक रूप से भी लाभकारी है। भारत के लिए यह साझेदारी इसलिए अहम है क्योंकि इससे उसे उन्नत रक्षा तकनीक, निवेश और वैश्विक मंच पर अधिक प्रभावशाली भूमिका निभाने का अवसर मिलेगा।

साथियों बातें कर हम भारतीय पीएम द्वारा महाडील के बाद कही गई छह प्रमुख बातों को समझने की करें तो वे इस समझौते की आत्मा को स्पष्ट करती हैं, पहली बात, यह एफटीए केवल एक व्यापारिक समझौता नहीं, बल्कि साझा समृद्धि का नया ब्लूप्रिंट है।यह कथन दशार्ता है कि भारत इस समझौते को शून्य-योग खेल के रूप में नहीं देखता, बल्कि इसे पारस्परिक लाभ और दीर्घकालिक विकास की नींव मानता है।भारत की आर्थिक कूटनीति अब विन-विन मॉडल पर आधारित है, जहाँ व्यापार को विकास और स्थिरता का साधन माना जाता है।दूसरी बात पीएम ने इसे भारत के इतिहास का सबसे बड़ा फ्री ट्रेड एग्रीमेंट बताया। यह केवल शब्दों का चयन नहीं, बल्कि इस डील के व्यापक दायरे का संकेत है। यूरोपीय संघ विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक है और इसके साथ मुक्त व्यापार समझौता भारत को वैश्विक व्यापार मानचित्र में एक नई ऊँचाई पर ले जाता है। यह समझौता न केवल वस्तुओं के व्यापार को बढ़ाएगा, बल्कि सेवाओं, निवेश और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भी नए अवसर पैदा करेगा।तीसरी महत्वपूर्ण बात किसानों और छोटे उद्योगों से जुड़ी है।पीएम ने स्पष्ट किया कि यह ऐतिहासिक समझौता भारत के किसानों और लघु उद्योगों के लिए यूरोपीय बाजारों तक पहुँच को आसान बनाएगा। यह विशेष रूप से महत्वपूर्ण है क्योंकि भारत का कृषि और एमएसएमई क्षेत्र लंबे समय से वैश्विक बाजारों में प्रतिस्पर्धा की चुनौतियों से जूझ रहा है। यूरोपीय बाजार तक बेहतर पहुँच मिलने से भारतीय उत्पादों को उच्च मूल्य प्राप्त हो सकता है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था और रोजगार सृजन को बल मिलेगा। चौथी बात मैन्युफैक्चरिंग और सर्विसेज सेक्टर से जुड़ी है। इस एफटीए से मैन्युफैक्चरिंग में नए अवसर पैदा होंगे और भारत के सेवा क्षेत्र, विशेषकर आईटी, स्वास्थ्य, शिक्षा और पेशेवर सेवाओं में यूरोप के साथ सहयोग और मजबूत होगा।



गोंदिया

# भरोसे एवं भारत की आवाज थे विरल पत्रकार मार्क टुली



भारत की समकालीन इतिहास-यात्रा में कुछ व्यक्तित्व ऐसे होते हैं जो केवल घटनाओं का वृत्तांत नहीं लिखते, बल्कि समय की चेतना में घुल-मिलकर स्वयं इतिहास का हिस्सा बन जाते हैं। सर विलियम मार्क टुली, जिन्हें दुनिया भर में स्नेह और सम्मान से मार्क टुली कहा गया, ऐसे ही विरल पत्रकार थे। उनका निधन केवल एक वरिष्ठ पत्रकार का जाना नहीं है, बल्कि उस पत्रकारिता-दृष्टि का अवसान है, जिसमें सत्य सनसनी से ऊपर और संवेदना आंकड़ों से अधिक महत्त्वपूर्ण होती थी। बीबीसी रेडियो की वह गूंजती हुई पंक्ति-दिस इज मार्क टुली रिपोर्टिंग फ्रॉम दिल्ली, दशकों तक भारतीय उपमहाद्वीप में भरोसे, प्रामाणिकता और संतुलन का पर्याय बनी रही। मार्क टुली एक विदेशी पत्रकार भर नहीं थे, वे भारत की आत्मा के स्थायी प्रवासी थे, जिनमें भारतीयता रची-बसी थी। उनका भारत से रिश्ता किसी वीजा, नियुक्ति या करियर-रणनीति का परिणाम नहीं था, बल्कि वह रक्त और मिट्टी का संबंध था। 24 अक्टूबर 1935 को कोलकाता के टॉलीगंज में जन्मे टुली ने ब्रिटिश राज के अंतिम दौर का भारत देखा, जिया और महसूस किया। एक समृद्ध ब्रिटिश परिवार में जन्म लेने के बावजूद दार्जिलिंग के बोर्डिंग स्कूलों और भारतीय जनजीवन की विविध छवियों ने उनके भीतर एक ऐसी आत्मीयता एवं संस्कार बो दिया, जो जीवन भर पुष्पित-पल्लवित होती रही। नौ वर्ष की आयु में जब वे इंग्लैंड गए, तब भी भारत उनके भीतर जीवित रहा-स्मृतियों में, संवेदनाओं में और दृष्टि में।

कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में धर्मशास्त्र का अध्ययन करते समय उन्होंने पादरी बनने का विचार किया था। यह तथ्य अपने-आप में बहुत कुछ कहता है, क्योंकि सत्य की खोज, नैतिक विवेक और मानवीय करुणा उनके व्यक्तित्व की मूल धुरी थीं। किंतु नियति ने उन्हें चर्च की सीमित दीवारों से बाहर निकालकर एक ऐसे मंच पर खड़ा कर दिया, जहां वे पूरी मानवता से संवाद कर सकते थे। पत्रकारिता उनके लिए पेशा नहीं, बल्कि एक नैतिक दायित्व थी। जब वे बीबीसी के संवाददाता के रूप में भारत लौटे, तो उन्होंने इसे एक असाइनमेंट नहीं बल्कि अपने घर लौटने जैसा अनुभव किया। मार्क टुली की पत्रकारिता की सबसे बड़ी विशेषता यह थी कि वे भारत को पश्चिमी चश्मे से नहीं देखते थे। वे सत्ता के गलियारों से अधिक गांव की चौपाल, मंदिर-मस्जिद के आंगन, खेतों की मेड़ और आम आदमी की चिंता को महत्त्व देते थे। आपातकाल हो या इंदिरा गांधी की राजनीति, सिख विरोधी दंगे हों या बाबरी मस्जिद विध्वंस, पंजाब का उग्रवाद हो या कश्मीर की पीड़ा-मार्क टुली ने हर विषय को संतुलन, गहराई और मानवीय संवेदना के साथ दुनिया के सामने रखा। वे घटनाओं के पीछे छिपी सामाजिक और सांस्कृतिक परतों को समझने की कोशिश करते थे, इसीलिए उनकी रिपोर्टिंग तत्कालीन शोर-शराबे से ऊपर उठकर स्थायी संदर्भ बन गई। आज के आपाधापी और टीआरपी-केंद्रित इलेक्ट्रॉनिक मीडिया दौर में, जहाँ खबर से ज्यादा शोर और तथ्य से ज्यादा त्वरित प्रतिक्रिया को महत्व दिया जाता है, मार्क टली की पत्रकारिता एक उजली कसौटी बनकर सामने आती है। टीवी स्टूडियो की तीखी बहसों, चीखती हेडलाइनों और सतही विश्लेषण के उलट, मार्क टली ने यह सिद्ध किया कि शांत, संयमित और तथ्यपरक संवाद भी उतना ही प्रभावशाली होता है बल्कि अधिक विश्वसनीय होता है। उनकी पत्रकारिता दिल्ली के सत्ता-केंद्र तक सीमित नहीं थी, बल्कि वह भारत की आत्मा-गाँव, कस्बे, आम जन और उनकी पीड़ा से जुड़ी हुई थी। आज जब इलेक्ट्रॉनिक मीडिया अक्सर सत्ता, बाजार और सनसनी के दबाव में अपनी विश्वसनीयता खोता दिख रहा है, तब मार्क टली की शैली यह सिखाती है कि पत्रकारिता का असली धर्म प्रश्न पूछना, सच को धैर्य से समझना और उसे बिना शोर के, पूरे संदर्भ के साथ प्रस्तुत करना है। उनका जीवन आज के टीवी मीडिया के लिए एक मौन लेकिन सशक्त संदेश है कि भरोसे की आवाज ऊँची नहीं, सच्ची होती है। मार्क टुली की सबसे बड़ी देन यह थी कि उन्होंने भारत की विविधता को उसकी कमजोरी नहीं बल्कि उसकी सबसे बड़ी शक्ति के रूप में प्रस्तुत किया। वे मानते थे कि भारत किसी एक विचार, एक भाषा या एक संस्कृति से नहीं बनता, बल्कि यहां की बहुलता ही इसकी आत्मा है। हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई-ग्रामीण-शहरी, गरीब-अमीर, इन सबके बीच बहता हुआ संवाद ही भारत की असली पहचान है। जब दुनिया के कई हिस्से भारत को केवल गरीबी, अव्यवस्था या अराजकता के चश्मे से देखते थे, तब मार्क टुली ने भारत की सहिष्णुता, आध्यात्मिकता और जीवटता को रेखांकित किया। उन्होंने यह दिखाया कि यह देश विरोधाभासों के बावजूद नहीं, बल्कि उन्हीं के साथ जीना जानता है। मार्क टुली की आवाज रेडियो के माध्यम से करोड़ों लोगों के घरों तक पहुंचती थी। वह दौर ऐसा था, जब समाचार सुनने के लिए लोग घड़ी देखकर रेडियो ऑन करते थे। उनकी रिपोर्टिंग में नाटकीयता नहीं, बल्कि सजीवता-ठहराव था। वे कहते थे कि भारत को समझने के लिए अपनी घड़ी उतारकर रखनी पड़ती है। यह कथन केवल समय-संस्कृति की बात नहीं करता, बल्कि उस धैर्य और विनम्रता की ओर संकेत करता है, जिसके बिना भारत जैसे देश को समझा नहीं जा सकता। यही धैर्य उनकी पत्रकारिता में झलकता था। एक विदेशी होकर भी उन्होंने भारतीयता पर गर्व करना सिखाया, वह भी उस समय, जब हम स्वयं अपनी जड़ों को लेकर संशय में थे।



ललित गर्ग

# ₹बिना किसी डर के परीक्षाओं का सामना करें

यदि आप छात्र हैं और बोर्ड परीक्षाओं को लेकर बेचैन और घबराये हुए हैं, तो संभवतः आप चिंता और भय से ग्रस्त होंगे। आपको ध्यान केंद्रित करना लगभग असंभव लगता है, क्योंकि आपको चिंता होती है कि आप अब तक जो कुछ भी पढ़ा है उसे भूल जाएंगे। लेटर टू ए स्टूडेंट नामक पुस्तिका में स्वामी पुरुषोत्तमानंद ने परीक्षा के डर की महत्वपूर्ण समस्या पर चर्चा की है। उनका कहना है कि परीक्षा का डर छात्रों का सबसे बड़ा दुश्मन है। इसके तनाव के कारण कुछ लोग शारीरिक रूप से बीमार भी हो जाते हैं। इस संदर्भ में 'परीक्षा बुखार' शब्द गढ़ा गया है। यहां तक कि जिन छात्रों ने लंबे समय तक अध्ययन किया है, वे भी परीक्षा के समय घबरा जाते हैं। इसलिए, स्वामी कहते हैं, हिम्मत मत हारो, तुम निश्चित रूप से स्थिति पर नियंत्रण पा सकते हो। भय मनोविकृति से बाहर निकलने के लिए, स्वामी पुरुषोत्तमानंद छात्रों से अनुरोध करते हैं कि वे स्वयं से पूछें कि डरने से उन्हें क्या लाभ होगा। क्योंकि, भय बीमारी लाता है। लेकिन साहसी और बहादुर होकर, एक औसत छात्र भी परीक्षा में काफी अच्छा प्रदर्शन कर सकता है। लेकिन यदि कोई छात्र भय को दूर रखता है, तो यह उसके मन और शरीर की शक्ति से वंचित कर देगा। ₹इसका एकमात्र परिणाम यह हो सकता हैः परीक्षा देते समय आप जो कुछ भी पढ़ चुके हैं उसे 'भूल' जाएंगे। यही डर आपको भ्रमित उत्तर लिखने के लिए मजबूर करता है।₹ वह कहते हैं, ₹आत्मविश्वास को अनुशासित अध्ययन के साथ मिलाकर अपने मन में छिपी भय की भावना को दूर करें; अपनी शक्ति पर विश्वास रखें और अपनी पढ़ाई पर विश्वास रखें... यह दृढ़ विश्वास कि आप परीक्षाएं अच्छी तरह से लिखेंगे, शांत मन के साथ, आत्मविश्वास है। यदि आप इसे विकसित कर सकें, तो भय गायब हो जाएगा और उसके स्थान पर उत्साह उभर आएगा। छात्र स्वामी विवेकानंद के उत्साहवर्धक शब्दों से प्रेरणा ले सकते हैं, जिनका विश्वास की शक्ति पर बहुत विश्वास था। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे पहले अपने आप पर विश्वास रखें। उन्होंने कहाः ₹दुनिया का इतिहास कुछ ऐसे लोगों का इतिहास है जिनका अपने आप पर विश्वास था। वह विश्वास अपने भीतर की दिव्यता को प्रकट करता है। आप कुछ भी कर सकते हैं. आप तभी असफल होते हैं जब आप अनंत शक्ति को प्रकट करने के लिए पर्याप्त प्रयास नहीं करते।₹ विभिन्न अवसरों पर स्वामीजी ने इस बात पर जोर दिया कि ₹आप जो भी सोचेंगे, आप वही होंगे। यदि आप स्वयं को कमजोर समझते हैं, तो आप कमजोर हो जायेंगे; यदि आप स्वयं का मजबूत मानते हैं, तो आपके पास ताकत होगी।₹ वह कहते थेः ₹कभी भी यह मत कहो कि, 'मैं नहीं कर सकता', क्योंकि तुम अनंत हो। यहां तक कि समय और स्थान भी आपके स्वभाव की तुलना में कुछ भी नहीं हैं। आप कुछ भी कर सकते हैं, आप सर्वशक्तिमान हैं। विवेकानंद की सफलता के लिए नुस्खा यह हैः ₹सफल होने के लिए, आपके पास जबरदस्त दृढ़ता और जबरदस्त इच्छाशक्ति होनी चाहिए। दृढ़ आत्मा कहती है, 'मैं समुद्र को पीऊंगा, मेरी इच्छा से पहाड़ टूट जाएंगे।' उस तरह की ऊर्जा, उस तरह की इच्छाशक्ति रखें; कड़ी मेहनत करें, और आप लक्ष्य तक पहुंच जाएंगे₹... उन्होंने आगे कहाः ₹यदि उप-निषादों में से कोई एक शब्द है जो अज्ञानता के लोगों पर बम की तरह फट रहा है, तो वह है निडरता... शक्ति जीवन है; कमजोरी मृत्यु है। शक्ति सुख है, जीवन शाश्वत है, अमर है; कमजोरी तनाव और दुख है जो छात्र निडरता विकसित करते हैं, तथा परीक्षाओं का साहसपूर्वक सामना करते हैं, उनके लिए सफलता आस-पास ही प्रतीक्षा कर रही है। यह सच है कि कभी-कभी दुर्भाग्यवश, सबसे मेहनती और समर्पित छात्रों को भी परिणाम अच्छे नहीं लगते। हालाँकि, असफलता के सबसे बुरे परिदृश्य में भी आपको यह नहीं सोचना चाहिए कि यह दुनिया का अंत है। स्वामी विवेकानंद ने सिखाया है कि हर काम में सफलता और असफलता होती है। वास्तव में, असफलताएं हमें और भी अधिक बुद्धिमान बनाती हैं। निरंतर अभ्यास व्यक्ति को परिपूर्ण बनाता है, इसलिए किसी को भी प्रयास करते समय हिम्मत नहीं हारनी चाहिए। कल एक और दिन है₹ के लिए नई आशाओं और अवसरों के साथ, और आपको नई चुनौतियों और जिम्मेदारियों को स्वीकार करने की उम्मीद करनी चाहिए।



विजय गर्ग

# वीर खालसा सेवा समिति का 22 वां स्थापना दिवस भारत गार्डन में धूम धाम के साथ मनाया गया

वेलकम इंडिया गुलजार आलम




वीर खालसा सेवा समिति का 22 वां स्थापना दिवस भारत गार्डन में धूम धाम के साथ मनाया गया इस मौके पर विभिन्न स्कूलों के द्वारा सांस्कृतिक प्रोग्राम भांगड़ा गिद्दा की छाप रही बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे इस मौके पर मुख्य अतिथि विधायक आकाश सक्सेना मौजूद रहे इसके अलावा जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्रा मौजूद रहे आकाश सक्सेना ने कहा वीर खालसा सेवा समिति बधाई के पत्र है जो समय-समय पर जरूरतमंदों की मदद करती है वीर खालसा सेवा समिति को जब भी मेरी जरूरत मैं समिति के साथ हूं जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी जी ने कहा वीर खालसा सेवा समिति ? हमेशा ही जरूरतमंदों की मदद को आगे रहती है उनके कार्य बहुत ही नेक कार्य हैं पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्रा ने कहा समाज सेवा में सबसे आगे वीर खालसा सेवा समिति है मैं इनको बधाई देता हूं ? समिति के अध्यक्ष ने चेयरमैन ? सरदार निर्मल सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया वह आए हुए अतिथियों का सम्मान किया समिति के द्वारा सरदार तीरथ सिंह को सुखबीर सिंह को समिति का संरक्षक बनाया समिति के अध्यक्ष अवतार सिंह ने कहा वीर खालसा सेवा समिति के 22 में स्थापना दिवस पर जरूरतमंदों को बड़ी संख्या में साइकिल सिलाई मशीन डबल बेड के कंबल रजाई बच्चों की स्कूल की फीस कंबल वितरण किए गए समिति द्वारा समय-समय पर जरूरतमंदों की मदद की जाती है वह यह सेवा कार्य आगे भी जारी रहेंगे समिति की ओर से विधायक अकाल सक्सेना जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्रा ए आरटीओ राजेश कुमार श्रीवास्तव व्यापार मंडल के अध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा पूर्व विधायक जयदीप सिंह बराड़ फार्मा एसोसिएशंस दीपक शर्मा भारत भूषण गुप्ता ? तारिक अब्दुल्ला शत्रुघ्न थरेजा ? ? संजीव गुप्ता रवेल सिंह तीर ? चंद्र प्रकाश अरोड़ा सिख समाज से एडवोकेट बनी जसप्रीत कौर ? जतिन सिडाना ? हरकिशन सिंह ग्रंथि सुरजीत सिंह ? बड़ी संख्या में गणमान्य लोगों को शाल ? स्मृति चिन्ह देखकर सम्मानित किया।

# रामपुर नगर पालिका अध्यक्ष सना मामून ने सफाई व्यवस्था को लेकर 03 नम्बर वार्ड का औचक निरीक्षण किया

वेलकम इंडिया गुलजार आलम



**रामपुर।** नगर पालिका अध्यक्ष सना मामून ने सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया पालिका अध्यक्ष द्वारा वार्ड नं-03 का औचक निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान सिविल लाईन्स बी.पी. कालोनी एवं रेलवे स्टेशन के सामने बड़े नालों की सफाई नहीं करायी गयी थी, पालिका अध्यक्ष द्वारा कड़ा रुख अपनाते हुए अपने सामने उक्त नाले की सफाई करायी तथा तत्काल कायार्शाला से छोटी पोकलेण्ड मशीन उपलब्ध करायी गयी पालिका अध्यक्ष ने निर्देश दिये कि समस्त वार्ड में सभी छोटे एवं बड़े नाले तत्काल साफ कराये जाये जिससे आमजन को शिकायत न हो तथा वर्षा ऋतु में जलभराव की समस्या भी उत्पन्न न हो, निरीक्षण के समय नाले पर पत्थर पड़ने एवं नाले पर जाल डालने एवं सड़क निर्माण की जनता द्वारा शिकायत की गयी जिसके निस्तारण हेतु सम्बंधित विभागाध्यक्षी को निर्देश निर्गत किये गये। इस मोके पर सफाई निरीक्षक अविनाश कुमार, वरिष्ठ लिपिक अखलाक खाँ, स्टेनो विल्सन कुमार, एवं जनसम्पर्क अधिकारी ऐजाज हुसैन खाँ एडवोकेट आदि उपस्थित रहें।

# यूनिवर्सल एकेडमी बिजनौर में किया गया आशीर्वाद समारोह का आयोजन




वेलकम इंडिया: नितिन शर्मा

**बिजनौर :** यूनिवर्सल एकेडमी बिजनौर में कक्षा 10 के विद्यार्थियों के लिए आशीर्वाद समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कक्षा अध्यापक सूरज चौहान के द्वारा की गई। समारोह का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। सभी अध्यापकों द्वारा विद्यार्थियों को परीक्षा के लिए शुभकामनाएं दी गई और उनके उज्जवल भविष्य के लिए आशीर्वचन दिया गया। इस अवसर पर शिक्षकों और विद्यार्थियों ने अपने अनुभवों को एक दूसरे से साझा किया। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को सभ्य नागरिक बनकर समाज की सेवा करने की सीख दी।तथा सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। अंत में विद्यालय प्रधानाचार्य डॉ अनुज त्यागी ने सभी बच्चों को हर परिस्थिति में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया व निश्चिंत होकर सकारात्मक सोच के साथ बोर्ड परीक्षा को सफल बनाने का आशीर्वाद दिया।

और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उप प्रधानाचार्या खुशबू कर्णवाल ने भी बच्चों को आगामी बोर्ड परीक्षा के लिए शुभकामनाएं दीं तथा तनाव मुक्त होकर परिश्रम करने के लिए प्रेरित किया और कहा कि यदि आप परिश्रम करोगे तो जीवन में अवश्य ही सफलता प्राप्त करोगे।इस अवसर पर सभी शिक्षकों का योगदान रहा उन्होंने बच्चों को बोर्ड परीक्षा के लिए कुछ सुझाव दिए और शुभकामनाएं दी।

# उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल ने तिलक नगर कॉलोनी से निकाली तिरंगा यात्रा

वेलकम इंडिया गुलजार आलम



**रामपुर।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के कार्यालय तिलक नगर कॉलोनी से एक तिरंगा यात्रा आयोजित हुई इस तिरंगा यात्रा में हजारों की संख्या में व्यापारी व पदाधिकारी साथी उपस्थित रहे यह तिरंगा यात्रा तिलक नगर कॉलोनी से मोहल्ला घोषियान होते हुए बापू मॉल, जच्चा बच्चा, मिष्ठनगंज चौराहा, राजद्वारा मुख्य शाखा भारतीय स्टेट बैंक से होते हुए तिलक कॉलोनी राष्ट्रीय कार्यालय पर समाप्त हुई इस तिरंगा यात्रा पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप अग्रवाल सोनी ने कहा कि हम देश की उन्नति और तरक्की के लिए और देशभक्ति की भावना को अपने दिल में रखते हुए वह लोगों तक इसका मैसेज पहुंचते हुए प्रत्येक वर्ष निकालते हैं तिरंगा यात्रा का हमारा निकालने का एक मात्र मकसद यह है कि प्रत्येक व्यक्ति के दिल में देशभक्ति की भावना जागृत हो और वह देशभक्ति की भावना के साथ देश को आगे बढ़ाने में व्यापार को आगे बढ़ाने में योगदान करने में तत्पर रहे तिरंगा यात्रा यह संदेश देती है कि हमें अपने देश के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए साथ ही बाजारों में इस तिरंगा यात्रा पर जगह-जगह व्यापारियों व सरार्फा के पदाधिकारी ने फूलमाला पहनकर स्वागत किया व आम जनमानस के लोगों ने भी तिरंगा यात्रा का भारी संख्या में स्वागत किया इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राजीव शर्मा, युवा जिला अध्यक्ष अरविंद गुप्ता, प्रदेश मंत्री पप्पू , युवा नगर अध्यक्ष पुलकित अग्रवाल, नगर अध्यक्ष महफूज हुसैन, अब्दुल वासिक मंडल अध्यक्ष, सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे ।

# खानपुर थाने के नये प्रभारी बने रितेश कुमार सिंह



वेलकम इंडिया

**स्याना/बुगरासी/**खानपुर थाने के नये प्रभारी रितेश कुमार सिंह को बनाया गया है। जबकि संदीप कुमार को उनके ही स्थान पर अरनिया थाने का चार्ज सौंपा गया है।बताते चले कि 5 दिन पहले निवर्तमान एसओ खानपुर संदीप कुमार हापुड़ ज़िले के थाना पिलखुवा के गांव गालंद से एक मारपीट के मामले में कृष्ण कुमार को उठाकर लाये थे। जिसमें परिजनों ने एसओ खानपुर संदीप कुमार पर कृष्ण कुमार की बेरहमी से पिटाई के आरोप लगाये थे जिसको लेकर सोमवार 26 जनवरी को परिजनों ने खानपुर थाने पर प्रदर्शन कर एसओ खानपुर संदीप कुमार के खिलाफ मुदार्बाद के नारे लगाकर नोटिस चस्पा किया था कि अगर शीघ्र संदीप कुमार को नही हटाया गया तो 2 फरवरी को थाने पर आमरण-अनशन किया जायेगा। उधर एसएसपी ने इस मामले में संज्ञान लेते हुए दो थानों के प्रभारियों को इधर से उधर कर दिया है।

# मामूली विवाद को लेकर दो समुदाय आमने सामने, जमकर चले लाठी-डंडे

वेलकम इंडिया

**जहांगीराबाद।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रिवाड़ा में सोमवार को दो अलग अलग समुदायों के बीच मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। मोटरसाइकिल से बेलगाड़ी के टकराने की घटना को लेकर शुरू हुआ मामूली विवाद देखते ही देखते गाली-गलौज के साथ लाठी-डंडों से मारपीट में बदल गया। मारपीट की इस घटना में दोनों पक्षों के कई लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार 26 जनवरी सोमवार को दोपहर लगभग डेढ़ बजे बजे डायल 112 के माध्यम से पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम रिवाड़ा में दो समुदाय आमने-सामने हैं और एक-दूसरे पर लाठी-डंडों से हमला कर रहे हैं। सूचना मिलते ही थाना जहांगीराबाद से पुलिस बल मौके पर पहुंचा। पुलिस को देखते ही दोनों पक्ष मौके से भाग निकले, बाद में ग्रामीणों से पूछताछ कर घटना की जानकारी जुटाई गई। पुलिस जांच में सामने आया कि एक पक्ष के युवक की मोटरसाइकिल सड़क किनारे खड़ी बेलगाड़ी से टकरा गई थी। इसी बात को लेकर मामूली कहासुनी शुरू हुई, जो बाद में दोनों पक्षों द्वारा अपने-अपने साथियों को बुलाने के बाद बड़े झगड़े में बदल गई।

# श्री खाटू श्याम बाबा का दूसरा वार्षिक महोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा



**नूरपुर।** नूरपुर नहटौर मार्ग पर ग्राम बल्दाना रामपुर में स्थित श्री खाटू श्याम धाम में दूसरे वार्षिक महोत्सव का आयोजन किया गया। इस पावन अवसर पर मंदिर को भव्य रूप से सजाया गया। जहां श्याम बाबा के जयकार से माहौल भक्ति में हो गया। महोत्सव का मुख्य आकर्षण श्री खाटू श्याम बाबा का महा भोग रहा भक्तों द्वारा बाबा को पूरे सवा कुंटल पेड़ों का भोग लगाया गया। जिसे देखकर श्रद्धालुओं की श्रद्धा और भी गहरी हो गई। महंत शेर सिंह के नेतृत्व में विशाल झंडा यात्रा निकाली गई यह यात्रा मंदिर परिसर से आरंभ होकर ग्राम बल्दाना, रामपुर होते हुए मंदिर परिसर पर संपन्न हुई। इस दौरान एक रस्म भी निभाई गई जिन महिलाओं ने संतान प्राप्ति की मन्नत मांगी थी उनकी विशेष रूप से गोद भराई की गई और सभी भक्तों को जल पिलाया गया। हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ कमाया। महंत शेर सिंह ने बताया कि हर रविवार को श्री खाटू श्याम दरबार में श्याम डाल पिलाया जाता है और मोर झंडी का झाड़ा लगता है जो भी भक्त यहां श्रद्धा भाव से आते हैं वह सारे रोगों से यहां मुक्ति पाते हैं और यह सेवा श्याम बाबा की कृपा से निशुल्क की जाती है और जब तक बाबा श्याम का दरबार रहेगा, हम रहेंगे दरबार की ये सेवा, जल की सेवा निशुल्क रहेगी। इस अवसर पर दीपक शास्त्री, रोहतास सिंह, हरवेन्दर कुमार, बिट्टू शर्मा, लोकेश कुमार, मालती देवी, मधु, मीनाक्षी, किरन चौहान आदि सेवादार उपस्थित रहे।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया प्रभारी मन्त्री का स्वागत

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा



**नूरपुर-** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओ ने जिला बिजनौर के प्रभारी मन्त्री कपिल देव अग्रवाल का नूरपुर पहुँचने पर शिव मन्दिर चौक पर मंडल अध्यक्ष निशांत कर्णवाल के नेतृत्व मे भाजपा कार्यकर्ताओ ने फूल मालाओ से स्वागत किया। प्रभारी मन्त्री कपिल देव अग्रवाल चांगीपुर स्थित बिंदल शुगर मील का निरिक्षण करने के लिए बिजनौर से बिंदल शुगर मील चांगीपुर का निरिक्षण करने आये। नूरपुर पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओ ने उनका जोरदार स्वागत किया।

मन्त्री कपिल देव अग्रवाल ने चांगीपुर स्थित बिंदल शुगर मील का निरिक्षण कर पौधारोपण किया। इस अवसर पर शशि गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र चौहान बोबी नूरपुर मंडल अध्यक्ष निशांत कर्णवाल, गोहाबर मंडल अध्यक्ष विनय चौहान, महामन्त्री वीर प्रकाश भुईयार, सुधीर चौहान, मंडल मंत्री राहुल यादव, उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार, मंडल मन्त्री राजेश चौहान, सतीश कुमार, सुरेंद्र पाल, मंडल मीडिया प्रभारी बिजेंद्र सिंह, धर्मेंद्र जोशी, चौधरी ईशमपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# सफाई, सीवर-लाईट समस्याओं का तत्काल समाधान कराएं: नगरायुक्त

वेलकम इंडिया



**सहारनपुर।** नगर निगम में आयोजित जनसुनवाई में आज आठ समस्याएं आई। एक व्यक्ति द्वारा अलग-अलग तीन समस्याओं के लिए प्रार्थना पत्र दिए गए। जिनमें से एक समस्या का नगरायुक्त ने तत्काल निस्तारण करा दिया। नगरायुक्त ने लाईट व सीवर सम्बंधी समस्याओं को गंभीरता से लेकर तुरंत समाधान कराने के निर्देश दिये। वार्ड 63 राजपूत कॉलोनी के नसीब खान द्वारा कॉलोनी में साफ-सफाई, बंद पड़ी लाईट को ठीक कराने तथा सीवर की सफाई कराने के लिए अलग-अलग प्रार्थना पत्र दिए। जिस पर नगरायुक्त शिपू गिरि ने क्षेत्रीय सफाई निरीक्षक व सफाई मित्र को भेजकर सफाई की समस्या का तत्काल समाधान करा दिया। इसके अलावा वार्ड 19 राधा विहार कॉलोनी निवासी राकेश शर्मा ने कॉलोनी में लाईट ठीक कराने, वार्ड 6 वर्धमान कॉलोनी निवासी विभोर मित्तल ने कॉलोनी की नालियों की साफ सफाई कराने तथा वार्ड 68 मौहल्ला आली निवासी मौ.नजर ने गटर की सफाई कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिए। नगरायुक्त ने सम्बंधित अधिकारियों को स्थलीय निरीक्षण कर समस्याओं का समाधान कराने के निर्देश दिए। वार्ड 19 गोपाल नगर निवासी अंकुर मक्कड़ ने कालड़ा स्वीट्स वाली गली में किये गए अतिक्रमण को हटवाने तथा वार्ड 49 मौ. अरबी मदरसा निवासी बदर इजहार ने भी अतिक्रमण हटाने के लिए प्रार्थना पत्र दिए। जिस पर नगरायुक्त ने प्रवर्तन दल प्रभारी को स्थलीय निरीक्षण कर कार्रवाई के लिए कहा। जनसुनवाई में अपर नगरायुक्त प्रदीप कुमार यादव व मृत्युंजय, महाप्रबंधक जल पुरुषोत्तम कुमार, मुख्य अभियंता निर्माण सुरेश चंद सहित निगम के सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# फादरसन पब्लिक स्कूल में 77वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा



**चाँदपुर।** फादरसन पब्लिक स्कूल, चांदपुर में आज 77वां गणतंत्र दिवस अत्यंत हर्षोल्लास, गरिमा एवं देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर को भव्य रूप से सजाया गया और वातावरण राष्ट्रप्रेम से ओतप्रोत रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान के साथ हुआ, जिससे सभी उपस्थित विद्यार्थियों, शिक्षकगण एवं अभिभावकों में उत्साह और गर्व की अनुभूति हुई। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना से हुई, जिसने संपूर्ण वातावरण को पवित्र और प्रेरणादायक बना दिया। इसके पश्चात बच्चों ने योग नृत्य प्रस्तुति के माध्यम से योग, अनुशासन और स्वस्थ जीवन के महत्व को सुंदर एवं प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया, जिसे उपस्थित जनसमूह ने खूब सराहा। देशभक्ति की भावना को और अधिक प्रबल करते हुए विद्यार्थियों द्वारा वंदे मातरम्‌ प्रस्तुति दी गई। इस प्रस्तुति ने सभी के हृदय में मातृभूमि के प्रति प्रेम और समर्पण की भावना जागृत कर दी। कार्यक्रम की एक प्रमुख प्रस्तुति भारतीय क्रांतिकारी भगत सिंह पर आधारित नाटक एवं नृत्य प्रस्तुति रही, जिसमें शहीद भगत सिंह के साहस, बलिदान और राष्ट्रप्रेम को अत्यंत प्रभावशाली रूप में दशार्या गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य अमन कुमार सूर्यवंशी ने अपने संबोधन में कहा कि गणतंत्र दिवस हमें अपने अधिकारों के साथ-साथ अपने कर्तव्यों का भी बोध कराता है। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, ईमानदारी और देशसेवा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी तथा कहा कि आज का विद्यार्थी ही कल का जागरूक और जिम्मेदार नागरिक है।

# दिनांक 28 जनवरी 2026 से 02 फरवरी 2026 तक कबीर चौरा मगहर में आयोजित होगा कबीर मगहर महोत्सव

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी आलोक कुमार व पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना द्वारा दिनांक 28 जनवरी 2026 से 02 फरवरी 2026 तक आयोजित होने वाले कबीर मगहर महोत्सव-2026 के भव्य एवं सफल आयोजन के दृष्टिगत जनपद के प्रिन्ट/इलेक्ट्रानिक मीडिया बन्धुओं के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान मगहर महोत्सव आयोजन के विभिन्न दिवसों में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों एवं महोत्सव के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के सुचारू संचालन आदि के संबंध में विस्तृत चर्चा की गयी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी जय प्रकाश उपस्थित रहे।

प्रेस वार्ता के दौरान जिलाधिकारी ने बताया कि ह्यह्यकबीर मगहर महोत्सवह्णह्ण का आयोजन दिनांक 28 जनवरी 2026 से 02 फरवरी 2026 (छः दिवसीय) तक कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि 06 दिवस तक चलने वाले कबीर मगहर महोत्सव में विभिन्न दिवसों पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा/कैलेण्डर तैयार कर लिया गया है। जिलाधिकारी ने बताया कि महोत्सव के आयोजन के दौरान अलग-अलग दिवसों मे होने वाले विशेष कार्यक्रमों के अनुसार उसका नामकरण करते हुए महोत्सव के प्रथम दिवस सांय 07:30 बजे से रात्रि 11 बजे तक भजन गायक अनूप जलौटा द्वारा भजन संध्या कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। दिनांक 29 जनवरी 2026 को सांय 06:30 बजे से रात्रि 11 बजे तक कवि सम्मेलन/मुशायरा का कार्यक्रम, दिनांक 30 जनवरी 2026 को संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा निर्गुण त्रिधारा भक्ति उत्सव का कार्यक्रम अपरान्ह 01 बजे से रात्रि 09 बजे तक, दिनांक 31 जनवरी 2026 को इण्डियन आयडल कुलदीप चौहान व टीप द्वारा सांय 06:30 बजे से रात्रि 08:30 बजे तक एवं रात्रि 08:30 बजे से रात्रि 11 बजे तक गायक रूपेश मिश्र द्वारा प्रस्तुति की जाएगी। दिनांक 01 फरवरी 2026 को भोजपुरी नाइट में रात्रि 07:30 बजे से रात्रि 11 बजे तक भोजपुरी गायिक कल्पना पटवारी की प्रस्तुति एवं दिनांक 02 फरवरी 2026 को सांय 06:30 बजे से रात्रि 08:30 बजे तक गजल कमाल खान द्वारा प्रस्तुति की जाएगी एवं रात्रि 08 बजे से रात्रि 11 बजे तक एक शाम पुरानी यादों के नाम अल्ताफ राजा व टीम द्वारा प्रस्तुति की जाएगी। जिलाधिकारी ने मगहर महोत्सव के सफल, सुव्यवस्थित एवं आकर्षक संचालन के संबंध में कहा कि संत कबीर दास जी की पवित्र धरती पर आयोजित होने वाले कबीर मगहर महोत्सव के माध्यम से जनसामान्य में स्वच्छ एवं स्वस्थ्य संदेश जाना चाहिए, जिससे महोत्सव में प्रतिभाग करने वाले हर आम आदमी को कबीर दास जी विचारों से प्रेरणा मिल सकें।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया 77वा गणतंत्र दिवस



वेलकम इंडिया फतेह खान

शुजागंज अयोध्या शिक्षा क्षेत्र रूदौली के अंतर्गत खण्ड पिपरा गांव में स्थित एम एच यूनिटी स्कूल मे हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 77वें गणतंत्र दिवस कार्यक्रम बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया जिसमें विद्यालय के प्रबंधक मास्टर जमील ने ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण के पश्चात छात्र छात्राओं द्वारा प्रभात फेरी निकली गई, तत्पश्चात विद्यालय के नन्हे बच्चों, विद्यार्थियों द्वारा नाना प्रकार की प्रस्तुति झांसी की रानी पर आधारित ड्रामा राष्ट्रीय गीत देश गीत विभिन्न प्रकार के नृत्य नशा मुक्ति पर आधारित ड्रामा एवं बच्चों द्वारा किताबों को छोड़कर मोबाइल पर ज्यादा ध्यान देना से मुक्ति पाने के लिए ड्रामा पेश की, वही मास्टर जमील ने क्षेत्र रूदौली के एक दर्जन से अधिक प्रिंट मीडिया इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकारों, सीनियर सिटीजन को अंगवस्त्र, डायरी, पेन दे सम्मानित किया। इस अवसर पर मो तारिक, तौसीफ अहमद, गुप्ता सर, सुशील कुमार, हरमेश कुमार, वीरेंद्र मिश्र, सहित समस्त शिक्षक गण मौजूद रहे।

## सार संक्षेप

### संविलियन विद्यालय करमाखान में मनाया गया गणतंत्र दिवस

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** विकास खण्ड सेमरियावा के गांव करमा खान में स्थित संविलियन विद्यालय करमाखान में गणतंत्र दिवस की 77 वीं वर्षगांठ धूमधाम से मनाया गया। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मो. हनीफ खान ने झंडा फहराया। इस अवसर पर उन्होंने गणतंत्र दिवस हमारी स्वतंत्रता, संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों का सशक्त प्रतीक है। यह पर्व हमें एकजुट होकर राष्ट्र निर्माण के संकल्प के साथ आगे बढ़ने की नई ऊर्जा और प्रेरणा देता है। गणतंत्र दिवस भारत की राष्ट्रीय यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। इसी दिन 26 जनवरी, 1950 को देश का संविधान लागू हुआ। इसके साथ ही देश की 'संप्रभु लोकतांत्रिक गणराज्य' के रूप में औपचारिक तौर पर स्थापना हुई। बेशक, 15 अगस्त 1947 को स्वतंत्रता मिलने के साथ ही भारत में औपनिवेशिक शासन का अंत हो गया था। इस अवसर पर प्रधान मो. हुसेन, प्रधानाध्यापक बैरागी, शहनाज बेगम, मो. कलीम, अ. बाकी, मो. याकूब, मो. अयूब, फैजान, बबलू, मास्टर मो. अजीम, मास्टर मो. शमीम, मास्टर महीपाल, राजकुमार, पट्ठ, विश्राम, विजय आदि मौजूद रहे।

### निकुंजवासी बाबा गोपाल दास लघु सखी महाराज की स्मृति में हुआ सैकड़ों कंबलों का वितरण

(डॉ. गोपाल चतुवेर्दी)



**वृन्दावन।** प्रख्यात राधावल्लभीय संत निकुंजवासी बाबा गोपाल दास ऱलघु सखीऱ महाराज की पावन स्मृति में उनके परिवारी जनों के द्वारा संस्थापित बाबा गोपाल दास चैरिटेबल सोसाइटी, भटिंडा (पंजाब) व आसरा वेलफेयर सोसाइटी, भटिंडा (पंजाब) के संयुक्त तत्वाधान में नगर के विभिन्न स्थानों पर अनेक सन्तों, निर्धनों व निराश्रितों को 100 से भी अधिक कंबल, लोई व शॉल आदि का वितरण बाबा महाराज के विशेष कृपा पात्र व प्रमुख समाजसेवी ऱयूपी रत्नऱ डॉक्टर गोपाल चतुवेर्दी, एडवोकेट के द्वारा किया गया। श्रीनाभापीठ सुदामा कुटी के अध्यक्ष श्रीमज्जगद्गुरु द्वाराचार्य स्वामी सुतीक्ष्णदास देवाचार्य महाराज ने कहा कि निकुंजवासी बाबा गोपाल दास ऱलघु सखीऱ महाराज अत्यंत भजनानंदी व परम्वीतराग, निस्पृह, सहज व सरल संत थे।उनकी स्मृति हिमालय की चोटियों जैसी उज्जवल व धवल है।उनकी पावन स्मृति में उनके परिवारी जनों के द्वारा श्रीधाम वृंदावन में समय-समय पर जो विभिन्न सेवा प्रकल्प संचालित किए जाते हैं, उनकी जितनी भी प्रशंसा की जाए वो कम है। क्योंकि नर सेवा नारायण सेवा से कम नहीं है। अखिल भारतीय निमोर्ही बड़ा अखाड़ा रासमण्डल के श्रीमहंत लाडली शरण देवाचार्य महाराज ने कहा कि निकुंजवासी बाबा गोपाल दास ऱलघु सखीऱ महाराज अत्यंत सेवाभावी संत थे।

### 29 जनवरी को रोजगार मेले का आयोजन

वेलकम इंडिया

**बुलंदशहर।** जिला सेवायोजन कार्यालय (मॉडल करियर सेंटर) बुलन्दशहर की ओर से जनपद के बेरोजगार युवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान किया जा रहा है। कार्यालय द्वारा 29 जनवरी 2026 (गुरुवार) को प्रातः 11:00 बजे से वीआईआईटी कॉलेज, खुर्जा रोड, बुलन्दशहर में रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा। इस रोजगार मेले में निजी क्षेत्र के लगभग 05 प्रतिष्ठित निजी नियोजक प्रतिभाग करेंगे। मेले में इंटरमीडिएट, स्नातक, आईटीआई एवं डिप्लोमा उत्तीर्ण बेरोजगार अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं। चयन प्रक्रिया प्रत्यक्ष साक्षात्कार के माध्यम से की जाएगी। साक्षात्कार में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों के लिए बायोडाटा साथ लाना अनिवार्य होगा।

## मौसम ने बदली करवट, बारिश और ठंडी हवाओं ने बढ़ाई ठिठुरन

**शिकारपुर।** मंगलवार दोपहर मौसम के अचानक खराब होने से आसमान में काले बादल छाने के बाद बारिश से लोगों को ठंड से काफी परेशानी बड़ी है। इस दौरान अंधेरा छाने से वाहन चालकों को भी लाइट जलाकर चलना पड़ा वहीं बाजारों में खरीदारी करने पहुंचे लोगों को भी बारिश से यहां वहां शरण लेनी पड़ी। मंगलवार को मौसम की मिजाज ने ऐसी करवट ली कि लोग दिनभर ठिठुरने को मजबूर हो गए। सुबह से ही आसमान में छाई काली घटाओं के बीच रिमझिम बारिश का दौर शुरू हुआ जो रुक-रुक कर देर शाम तक चलता रहा। वही गलन के साथ जनजीवन प्रभावित हो गया। बारिश के चलते नगर की सड़कों और गलियों में जगह-जगह कीचड़ और जलभराव से आवागमन में दिक्कतें आई तेज हवाओं में बारिश के चलते लोगों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ा। बाजारों में खरीदारी करने पहुंचे लोगों को दुकानों में दुकानों के बाहर खड़े होकर बारिश रुकने का इंतजार करना पड़ा।

# गणतंत्र दिवस पर राष्ट्रभक्ति का उत्सव, डॉ. संदीप ने विभिन्न स्थानों पर किया ध्वजारोहण

वेलकम इंडिया



**झाँसी।** राष्ट्रीय पर्व के अवसर पर झाँसी में देशभक्ति, सामाजिक समरसता और जनभागीदारी का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। शहर एवं ग्रामीण अंचल के चार प्रमुख संस्थानों में डॉ. संदीप सरावगी द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस मौके पर राष्ट्रगान, देशभक्ति नारों और भारत माता की जय के उद्घोष से वातावरण गूंज उठा। उपस्थित लोगों ने संविधान के आदर्शों पर चलने और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का संकल्प लिया।

सबसे पहले महारानी झाँसी एसोसिएशन ऑफ द डीफ, स्थान 229 बाहर खंडेराव गेट, नेहरू युवा के सामने आयोजित कार्यक्रम में डॉ. संदीप सरावगी ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर महासचिव आसिफ सहित संगठन के सदस्य मौजूद रहे। कार्यक्रम में दिव्यांगजनों के आत्मसम्मान, अधिकार और उनके उज्जवल भविष्य को लेकर प्रेरणादायी संदेश दिया गया। इसके पश्चात बुंदेलखंड दिव्यांग जागरूक समिति, झाँसी के बड़ागांव गेट चौकी के सामने स्थित कार्यालय पर ध्वजारोहण संपन्न हुआ। कार्यक्रम में अध्यक्ष हरीश कुशवाहा, उपाध्यक्ष दिनेश यादव, कार्यवाहक हरविंद शिवहरे, सचिव मुकेश सेन, उप सचिव नासिर मंसूरी, कोषाध्यक्ष मनोज पंचाल, मीडिया प्रभारी नरेंद्र प्रताप सिंह एवं सह मीडिया प्रभारी श्रीकांत सहित बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर समान अधिकार, जागरूकता और राष्ट्रहित में सेवा का संकल्प लिया। तीसरा कार्यक्रम बजाजा बाजार व्यापार सेवा समिति, झाँसी द्वारा आयोजित किया गया, जहाँ डॉ. संदीप सरावगी व सदर विधायक रवि शर्मा ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष मुकेश मिश्रा, बाबूलाल तिवारी, एमएलसी अतुल दुबे (बंटी) सहित रवीश त्रिपाठी, संजय रेजा, नीरज रेजा, सत्य प्रकाश गुप्ता, चंद्रप्रकाश (चंदू) जैन, महेश सरावगी, लखन अग्रवाल, सुभाष चौरसिया, अमरीश साहू, विनीता राम सिंह कुशवाहा, वीरेंद्र गुप्ता, गौरव सहगल, प्रदीप गुप्ता, रानीपुर, सिद्धांत गुप्ता, संदीप नामदेव, सौरभ, सोमकांत निगम, सूरज वर्मा, रिया वर्मा, अंजलि विश्वकर्मा, हर्षित अरोड़ा एवं समस्त व्यापारीगण उपस्थित रहे। इस दौरान व्यापारियों ने राष्ट्रीय एकता और स्वदेशी भावना के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। इसके बाद चौथे कार्यक्रम के रूप में सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल, कोछाभावर में भी डॉ. संदीप सरावगी द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर बच्चों को अनुशासन, संस्कार और राष्ट्रसेवा की प्रेरणा दी गई। ध्वजारोहण के उपरांत डॉ. संदीप सरावगी ने कहा कि राष्ट्रीय ध्वज हमें त्याग, बलिदान, अनुशासन और एकता की प्रेरणा देता है।

## थाना बेलहरकला पुलिस ने आगजनी के मामले में 02 अभियुक्तो को किया गिरफ्तार

**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीनाके निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी मेंहदावल सर्व दवन सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद संतकबीरनगर मे अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में कार्यवाही करते हुए थाना बेलहरकला

उ0नि0 नन्दा प्रसाद, का0 बृजेश सिंह, का0 रामभूषण पटेल ने मु0अ0सं0 134/2025 धारा 326(I) बीएनएस थाना बेलहरकला जनपद संतकबीरनगर के मामले में वांछित 02 अभियुक्तगण सोनू गौड़ पुत्र हरिहर गौड़, इस्तेखार अहमद उर्फ छोटकू पुत्र वकील निवासीगण अकोल्ही थाना बेलहरकला को मंगलवार को सांथा चौराहा के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। विदित हो कि वादिनी द्वारा दिनांक 31.05.2025 को थाना बेलहरकला पर उक्त अभियुक्तो के विरुद्द वादिनी की मोटर साइकिल में आग लगाकर जलाने के सम्बन्ध में अभियोग पंजीकृत कराया गया था।

# एम.आई.एच.एस.स्कूल बाघनगर में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस



वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** सेमरियावां क्षेत्र के बाघनगर बाजार स्थित मुस्लिम इ.हायर सेकेंडरी स्कूल पर पूर्व कनिष्ठ प्रमुख शब्बीर अहमद तथा स.प्रबंधक एवं ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिला मंत्री मोहम्मद अदनान द्वारा ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी गयी।इस दौरान विद्यालय के बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम, देशभक्ति गीतों पर एक्शन, हिंदी एवं अंग्रेजी भाषण प्रतियोगिता, देशभक्ति गीत,नाट्य मंचन आदि के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले छात्र और छात्राओं को इस दौरान पुरुष्कृत भी किया गया। मुख्यरूप से इस दौरान डायरेक्टर गुफरान आजम, मोहम्मद आमिर,शाहिद अली,जाहिद हुसेन,पूर्व प्रधान मुर्तजा हुसेन, अब्दुस्सलाम, सईद अहमद,सगीर अहमद चौधरी,फरहान अहमद, जावेद अहमद,सऊद अहमद, जमाल अहमद,मोहम्मद यासिर,शाद दुरानी,अनुज कुमार,रामकेश समेत भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# रक्तवीर वार्डन वालण्टियर्स को जिला चिकित्सालय से प्राप्त प्रशस्ति पत्र वितरित किए गए




वेलकम इंडिया

**झांसी।** गणतन्त्र दिवस के अवसर पर नागरिक सुरक्षा मुख्यालय झाँसी कार्यालय पर चीफ वार्डन आनन्द कुमार सक्सेना प्रभारी डिप्टी चीफ वार्डन विनय सिजरिया एवं वरिष्ठ सहायक उपनियंत्रक सुनील कुमार सिंह द्वारा संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया गया राष्ट्रगान के उपरान्त रक्तवीर वार्डन वालण्टियर्स को जिला चिकित्सालय से प्राप्त प्रशस्ति पत्र वितरित किए गए। सुनील कुमार सिंह द्वारा सभी को शपथ ग्रहण कराई गई। कार्यक्रम में डिवीजनल वार्डन रिजर्व अतुल अग्रवाल किलपन, प्रभारी डिवीजनल वार्डन नगरा अम्बिका प्रसाद श्रीवास्तव, डिप्टी डिवीजनल वार्डन कोतवाली प्रभारी सहायक उपनियंत्रक सुमित गौड़ दोनों प्रखण्डो के घटना नियंत्रण अधिकारी, पोस्ट वार्डन, डिप्टी पोस्ट वार्डन, सेक्टर वार्डन फायर फाइटर आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सुमित गौड़ ने तथा आनन्द कुमार सक्सेना ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## नवनियुक्त थानाध्यक्ष ने चार्ज संभाला अपराधियों को दी सख्त चेतावनी

वेलकम इंडिया



**स्याना.(बुलंदशहर)** खानपुर थाना क्षेत्र में कानून व्यवस्था को बिगाड़ने वाले लोगों के खिलाफ सख्त करवाई होगी। जुआ सट्टा आदि गलत कार्यों को क्षेत्र में पनपने नहीं दिया जाएगा दोषी को छोड़ेंगे नहीं निर्दोष को छेड़ेंगे नहीं नवागत थाना प्रभारी रितेश कुमार ने थाने का चार्ज संभालने के बाद बताया।कि शासन प्रशासन के निर्देशों का सख्ती से पालन किया जाएगा थाना क्षेत्र में जुआ सट्टा आदि अपराध को जन्म देने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया पीड़ितों के लिए थाने के 24 घंटे दरवाजे खुले हुए हैं किसी को सिफारिश के लिए थाने में साथ लाने की कोई जरूरत नहीं है। पीड़ित अपनी समस्या को स्वयं आकर बताएं जांच कराकर दोषी लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी झूठा मुकदमा राजनीति के दबाव में कतई नहीं लिखा जाएगा। पुलिस के नाम पर दलाली करने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी किसी के कहने पर बिना जांच कराए निर्दोष को छेड़ेंगे नहीं और दोषी को छोड़ेंगे नहीं कोई व्यक्ति कितना भी प्रभाव शाली हो जो कानून व्यवस्था को बिगाड़ने की कोशिश करेंगे उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।

# भक्तिमती पदमा बाई (बुआजी) के सप्तम पुण्य स्मृति महोत्सव के अंतर्गत हुआ सुंदरकाण्ड का संगीतमय सामूहिक पाठ

(डॉ. गोपाल चतुवेर्दी)



**वृन्दावन।** छटीकरा रोड़ स्थित यशोदानंदन धाम में श्रीराधाकृष्ण प्रेम संस्थान(रजि.) के द्वारा चल रहे निकुंजवासी भक्तिमती पदमा बाई (बुआजी) के अष्टदिवसीय सप्तम पुण्य स्मृति महोत्सव के अंतर्गत श्रीहनुमद् आराधन मंडल के द्वारा सुंदरकाण्ड का संगीतमय सामूहिक पाठ किया गया।साथ ही श्रीहनुमानजी महाराज की विशेष आरती की गई।

इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए प्रख्यात भागवताचार्य व भक्तिमती पदमा बाई (बुआजी) के परम- कृपापात्र आचार्य विपिन बापू महाराज ने कहा कि भक्तिमती पदमा बाई (बुआजी) ब्रज निष्ठ, धाम निष्ठ व भगवद निष्ठ संत थीं।उन्होंने अपना समूचा जीवन इन्ही की सेवा, पूजा व साधना में व्यतीत किया। महोत्सव में साध्वी माँ भावना रामानुजम माताजी ने कहा कि निकुंजवासी भक्तिमती पदमा बाई (बुआजी) अत्यंत सेवा भावी व भजनानंदी संत थीं।वे अपने परमाराध्य ठाकुर श्रीगोपालजी महाराज से नित्य लाड़-लड़ाया करती थीं। प्रख्यात साहित्यकार ऱयूपी रत्नऱ डॉ. गोपाल चतुवेर्दी ने कहा कि भक्तिमती पदमा बाई (बुआजी) श्रीधाम वृन्दावन की बहुमूल्य विभूति थीं।उन जैसी दिव्यात्माओं से ही पृथ्वी पर धर्म व अध्यात्म का अस्तित्व है।इस अवसर पर श्रीहनुमद् आराधन मंडल के अध्यक्ष पण्डित अशोक व्यास महाराज, भागवताचार्य सुमंत कृष्ण शास्त्री, आचार्य नेत्रपाल शास्त्री, धर्म पथिक शैलेन्द्र कृष्ण महाराज, पण्डित जगदीश चंद्र शास्त्री, सन्त प्रवर रामदास महाराज, आचार्य धर्मवीर शास्त्री, पंडित बुद्धिप्रकाश महाराज, युवा साहित्यकार डॉ. राधाकांत शर्मा, आचार्य भूति कृष्ण महाराज, आचार्य शिवांश भाई मिश्र, आचार्य अश्वनी कृष्ण महाराज, श्रीमती विमला देवी, देवकीनंदन अग्रवाल (मुम्बई), श्रीमती कृष्णा एवं डॉ. सनत कुमार शर्मा (रूपहडिया) आदि के अलावा विभिन्न क्षेत्रों के तमाम गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# 77वां गणतंत्र दिवस समारोह:झरुआ पंचायत भवन में ग्राम प्रधान ने फहराया तिरंगा

असदुल्लाह सिद्दीकी



**बढ़नी/सिद्धार्थ।** नगर बढ़नी विकास खंड के ग्राम पंचायत झरुआ में 77वां गणतंत्र दिवस समारोह उत्साहपूर्वक मनाया गया। पंचायत भवन परिसर में ग्राम प्रधान विरेंद्र जायसवाल ने झंडारोहण किया। तिरंगा फहराते ही पूरा परिसर 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम्' के नारों से गूंज उठा।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ग्राम पंचायत झरुआ प्रधान विरेंद्र जायसवाल ने कहा कि गणतंत्र दिवस हमें संविधान की शक्ति और लोकतांत्रिक मूल्यों का स्मरण कराता है। उन्होंने स्वतंत्रता सेनानियों और संविधान निमार्ताओं के संघर्ष को याद किया, जिन्होंने देश के हर नागरिक को समान अधिकार और कर्तव्य प्रदान किए हैं। ग्राम प्रधान विरेंद्र जायसवाल ने कहा कि ग्राम पंचायत स्तर पर विकास कार्यों को गति देना, तथा शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता और रोजगार के क्षेत्रों में सुधार करना ही गणतंत्र दिवस मनाने का सच्चा अर्थ है। उन्होंने ग्रामीणों से आपसी भाईचारा बनाए रखने और सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुँचाने में सहयोग करने की अपील की। इस अवसर पर ग्राम सभा के सदस्य, बुजुर्ग, युवा और बच्चे उपस्थित रहे।बच्चों ने देशभक्ति से संबंधित अपने विचार साझा किए, जिससे कार्यक्रम और भी प्रेरणादायक बन गया।कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने राष्ट्र की एकता, अखंडता और संप्रभुता की रक्षा का संकल्प लिया। झरुआ गांव में गणतंत्र दिवस को लेकर उत्साह और गर्व का माहौल देखा गया।

## मैपिंग के लिए मतदाताओं की लगी भारी भीड़

**संतकबीरनगर।** विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण( एसआईआर ) नो मैपिंग मतदाताओं का नोटिस के उपरांत सुनवाई के लिए ब्लाक मुख्यालय पर भारी भीड़ देखने को मिल रही है। नायब तहसीलदार की देखरेख में कर्मी मौजूद रहे। सेमरियावा ब्लाक परिसर स्थित कॉमन सर्विस सेंटर में मंगलवार को भी विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण( एसआईआर ) नो मैपिंग मतदाताओं का नोटिस के उपरांत सुनवाई के लिए ब्लाक मुख्यालय पर भारी भीड़ देखने को मिली। लोग मैपिंग को लेकर जूझते नजर आये।

नायब तहसीलदार राजेश कुमार मिश्रा की देखरेख में चल रहे मैपिंग को लेकर कर्मी मौजूद रहे।

नायब तहसीलदार राजेश कुमार मिश्रा ने बताया कि निश्चित समय में मैपिंग का कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। हमारा प्रयास है कि किसी मतदाता को कोई दिक्कत न झेलनी पड़े।

# धूमधाम से मनाया गणतंत्र दिवस



वेलकम इंडिया

**मिजार्मुराद कछवारोड़ ।** मिजार्मुराद क्षेत्र के गौर गांव (मिजार्मुराद) स्थित स्व. वंशनारायण सिंह महिला महाविद्यालय में रविवार को 77 वें गणतंत्र दिवस पर महाविद्यालय के प्रबंधक व भाजपा नेता संजीव सिंह गौतम एवं प्राचार्य डॉ. आशुतोष उपाध्याय द्वारा झंडा फहराया गया।वही प्रबंधक द्वारा क्षेत्र से आए हुए छोटे बच्चों में मिठाई वितरण किया गया।मिजार्मुराद थाना परिसर में पुलिसकर्मियों के साथ थाना प्रभारी प्रमोद कुमार पांडेय ने झंडा फहराया।गौर गांव स्थित पंचायत भवन पर ग्राम प्रधान विजय कुमार गुप्ता 'डब्लू', द्वारा, गौर गांव स्थित एसएनएस नेशनल स्कूल में जिला महामंत्री प्रवीण सिंह गौतम द्वारा, चित्रसेनपुर स्थित अमरावती देवी इंटरमीडिएट कालेज में प्रधानाचार्य संदीप सिंह द्वारा, डंगहरिया गांव स्थित एसबीपी इंटरमीडिएट कालेज में प्रधानाचार्य गौरव सिंह पटेल द्वारा, ठठरा पंचायत भवन पर ग्राम प्रधान सुनील कुमार बिन्द द्वारा, मेंहदीगंज गांव स्थित पी.एस पब्लिक स्कूल में चेयमैन अमरनाथ पटेल व डायरेक्टर दिनेश पटेल द्वारा, बसमत्ती देवी संकठा प्रसाद महिला पीजी कॉलेज में प्रबंधक राजीव गौतम द्वारा झंडा फहराया गया।वही सभी कालेजो में बच्चों द्वारा देश भक्ति गीतों पर नृत्य का प्रदर्शन किया गया है।महाविद्यालय पर सचिव योगेश सिंह, प्रशासनिक अधिकारी अभिषेक त्रिपाठी 'सुमित' प्रवक्ता डॉ. विजय सिंह, डॉ. अंजना सिंह, गौरव उपाध्याय आदि।

## सार संक्षेप

### गणतंत्र दिवस समारोह, बच्चों को मिलें उपहार विद्यालय मे ध्वजारोहण, प्रधान प्रतिनिधि ने बाटें कॉपी, पेन, घड़ी

असदुल्लाह सिद्दीकी




**बढ़नी/सिद्धार्थनगर।** बढ़नी विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत चरिगंवा में स्थित दशरथ कल्याणी विद्या मंदिर और प्राथमिक विद्यालय के साथ शोहरतगढ़ विधान सभा के गनेशपुर चौराहा स्थित न्यू सिटी मल्टी स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल में गणतंत्र दिवस के अवसर पर सोमवार को एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सुबह करीब 10 बजे ध्वजारोहण के साथ समारोह की शुरूआत हुई। जिसमें राष्ट्रीय ध्वज फहराते ही पूरा परिसर भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारो से गूंज उठा। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अब्दुल सलाम खान ने तिरंगा फहराया इस दौरान बच्चे, बूढ़े, जवान और महिलाओं सहित सभी ग्राम वासियों ने पूरे उत्साह के साथ राष्ट्रगान में भाग लिया। उन्हें 26 जनवरी 1950 को संविधान लागू होने व भारत के विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक गणराज्य बनने के अवगत कराया गया। प्रधान प्रतिनिधि ने संविधान में निहित मौलिक अधिकारों और कर्तव्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला । इस दौरान विद्यालयों में रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। जिसमें बच्चों ने एक से बढ़कर एक राष्ट्रभक्ति गीत, नृत्य व नाटक प्रस्तुत करके खूब वाहवाही लूटी। कार्यक्रम के अंत में प्रधान प्रतिनिधि ने कार्यक्रम में भाग लेने वाले करीब 300 छात्र छात्राओं में हाथ घड़ी, दीवार घड़ी व कॉपी किताब पेन का वितरण किया। उसके बाद प्रधान प्रतिनिधि 43 वाहिनी एसएसबी कैंप भी पहुंचे वहां के कार्यक्रम में भी अपनी भागीदारी की। इस मौके पर प्रधानाचार्य मनोज चक्रवर्ती, न्यू सिटी मल्टी स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल के प्रबंधक अब्दुल कलाम, साबिर खान, बिस्मिल्लाह खान, दुर्गेश यादव, अब्दुल हई, वंशराज यादव, मुमताज व एसएसबी अधिकारी सहित आदि लोग मौजूद रहें।

### 77वें गणतंत्र दिवस पर अमर शहीद मेजर मोहित शर्मा को नमन।

**गाजियाबाद**/देश के 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर राष्ट्र की रक्षा में सर्वोच्च बलिदान देने वाले अमर शहीद मेजर मोहित शर्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा (पंजी.) उत्तर प्रदेश एवं ग्रीन क्लीन वेलफेयर एसोसिएशन, गाजियाबाद के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में शहीद के माता–पिता को सम्मानित कर उनके त्याग, साहस और राष्ट्रभक्ति को नमन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वजारोहण के साथ हुआ। इसके उपरांत वरिष्ठ नागरिक सम्मान एवं सिलाई मशीन वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष लालचंद शर्मा ने कहा कि अमर शहीद मेजर मोहित शर्मा जैसे वीर सपूतों के कारण ही आज देश सुरक्षित है। उनका बलिदान राष्ट्र की आत्मा में सदैव जीवित रहेगा और आने वाली पीढ़ियों को देशभक्ति की प्रेरणा देता रहेगा। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष पंडित अशोक साधु ने शहीद के माता–पिता को सम्मानित करते हुए कहा कि वे केवल एक परिवार नहीं, बल्कि पूरे देश की धरोहर हैं।

# किसानों से चार करोड़ की ठगी करने वाला गिरोह पुलिस के हत्थे चढ़ा



असदुल्लाह सिद्दीकी

**इटवा/सिद्धार्थनगर।** जनपद में गल्ला व्यापार की आड़ में किसानों से चार करोड़ रुपए से अधिक की ठगी का बड़ा मामला सामने आया है। इटवा और आसपास के क्षेत्रों में सक्रिय एक गिरोह ने सैकड़ों किसानों से उधार पर धान और गेहूं खरीदा, लेकिन भुगतान किए बिना फरार हो गया। यह ठगी एक साल से चल रही थी, जिसका अब पदार्फाश हुआ है। पुलिस जांच में खुलासा हुआ है कि यह ठगी सुनियोजित तरीके से की गई थी। गिरोह के सदस्य खुद को विश्वसनीय गल्ला व्यापारी बताते थे। शुरूआत में किसानों से छोटे लेन-देन किए गए और समय पर भुगतान कर उनका विश्वास जीता गया। एक बार जब बड़ी मात्रा में फसल उनके हाथ लगी, तो उन्होंने भुगतान रोक दिया और धीरे-धीरे इलाके से गायब हो गए। इस ठगी का किसानों पर आर्थिक और सामाजिक प्रभाव पड़ा है। अपनी साल भर की मेहनत गंवाने के बाद कई किसान कर्ज में डूब गए हैं। उन्हें बीज, खाद और मजदूरी के लिए साहूकारों से ऊंचे ब्याज पर कर्ज लेना पड़ा। कुछ पीड़ित किसानों ने बताया कि भुगतान न मिलने के कारण उनके बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हुई और घर चलाना मुश्किल हो गया।

## ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, दूसरा युवक गंभीर

**बुलंदशहर।** थाना चोला क्षेत्र में बाइक से गांव लौट रहे लोगों को ओवरटेक करते हुए पीछे से गन्नों से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली ने टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि गंभीर रूप घायल दूसरे व्यक्ति को उपचार हेतु हायर सेंटर भिजवाया गया है। बुलंदशहर कोतवाली देहात के गांव मौसम गढ़ निवासी रिंकू ने दर्ज कराए मुकदमे में बताया कि विगत शाम उसके चाचा लक्ष्मण अपने साथी गांव निवासी प्रमोद के साथ बाइक से गांव लौट रहे थे। चोला फ्लाइओवर पर सामने चल रहे गन्नों से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली को ओवरटेक किया। उसी दौरान पीछे से ट्रैक्टर-ट्रॉली ने टक्कर मार दी। जिससे बाइक डिवाइडर से टकरा गई। जिसमें बाइक सवार दोनों को गंभीर चोटें आई। दोनों को लोगों की मदद से जिला अस्पताल भिजवाया गया। जहां चिकित्सकों ने लक्ष्मण को मृत घोषित कर दिया। जबकि प्रमोद को गंभीर हालत में हायर सेंटर भिजवाया गया है। पुलिस ने अज्ञात चालक व ट्रैक्टर-ट्रॉली नंबर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# ग्रामीण अंचल में धूमधाम से मना गणतंत्र दिवस, लहराया तिरंगा

संदीप तिवारी वेलकम इंडिया



**मिजार्मुराद कछवारोड़ ।** ग्रामीण अंचल में सोमवार को 77 वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया।तिरंगा झंडा शान से लहराया। मिजार्मुराद स्थित स्व.वंशनारायण सिंह महिला महाविद्यालय में प्रबंधक संजीव सिंह गौतम, उदय प्रताप सिंह महाविद्यालय में प्रबंधक सुरेन्द्र प्रताप सिंह, बिन्दो ब्यूटी लाउंज पर बिन्दो देवी, गजीबो रेस्टोरेंट पर जितेंद्र द्विवेदी, मिजार्मुराद थाना परिसर में प्रमोद पांडेय ने झंडारोहण किया।विद्यालयों में छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर अपर्णा विश्वकर्मा, योगेश सिंह, आशुतोष उपाध्याय, अमृता सिंह, डा.आजाद सिंह गौतम, पूर्व प्रधान नारायण सिंह, शैलेन्द्र सिंह 'पिन्टू' (पत्रकार), प्रदीप सिंह (फौजी), उमेश उपाध्याय, अभिषेक त्रिपाठी, कामेश मिश्रा, सभाजीत यादव समेत अन्य उपस्थित रहे।

# खुले घूम रहे आवारा पशुओं ने फिर लील दी दो दोस्तो की जिंदगी

वेलकम इंडिया



**बुलंदशहर।** डिबाई नगर में विगत रात्रि आवारा पशु से टकराकर बाइक सवार दो दोस्तों की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक आपस में पक्के दोस्त थे। युवकों की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। नगर के मोहल्ला सराय बेरुनी निवासी अरुण (24 वर्ष) तथा गौतम (23 वर्ष) सोमवार देर रात ग्राम कसेर कलां से डिबाई की ओर बाइक से आ रहे थे। नेशनल हाईवे स्थित एक पुलिया के पास अचानक बाइक के सामने आवारा पशु आ गया। जिससे बाइक अनियंत्रित होकर पशु से टकरा गई। हादसा इतना भीषण था कि दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने तत्काल दोनों घायलों को डिबाई के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने गंभीर रूप से घायल दोनों की हालत को नाजुक देखते हुए अलीगढ़ मेडिकल के लिए रेफर कर दिया गया। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने दोनों युवकों को मृत घोषित कर दिया। दोनों युवकों की असमय मौत की खबर मिलते ही उनके घरों में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। नगर में शोक की लहर दौड़ गई है। एक साथ दो जिंदगियों के चले जाने से हर किसी की आंख नम है। सड़क हादसे ने हाईवे पर आवारा पशुओं की समस्या और सड़क सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# मिसेज एशिया विजयता सच्चदेवा ने 77वें गणतंत्र दिवस पर आस्था फाउंडेशन का चौबेपुर में उद्घाटन कर फहराया तिरंगा

वेलकम इंडिया



**वाराणसी।** 77वें गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर वाराणसी के चौबेपुर स्थित आस्था फाउंडेशन में भव्य ध्वजारोहण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मिसेज एशिया विजयता सचदेवा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने ध्वजारोहण एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

जहां मिसेज एशिया द्वारा चौबेपुर वाराणसी स्थित आस्था फाउंडेशन के सिलाई प्रशिक्षण एवं कोचिंग सेंटर का रीबन काट कर उद्घाटन उनके कर कमलों द्वारा किया गया मिसेज एशिया विजयता सच्चदेवा ने महिलाओं एवं बालिकाओं के सशक्तिकरण हेतु किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए संस्था को हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। उन्होंने उपस्थित जनसमूह को 77वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं भी दीं और कहा कि आने वाले समय में आस्था फाउंडेशन समाज सेवा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छुएगा। इस अवसर पर ग्राम प्रधान, अभिभावकगण, बच्चे एवं सिलाई प्रशिक्षण ले रहीं बालिकाएं भी मौजूद रहीं, जिन्होंने आस्था फाउंडेशन के कार्यों की खुले दिल से प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि यह केंद्र ग्रामीण महिलाओं और बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# 77वें गणतंत्र दिवस पर लखीमपुर के पत्रकारों ने राजधानी में बढ़ाया जिले का मान

वेलकम इंडिया



**लखीमपुर खीरी/लखनऊ।** 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर राजधानी लखनऊ के अमीनाबाद स्थित पुलिस चौकी नजीराबाद के पास एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पत्रकारिता के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वाले पत्रकारों को सम्मानित किया गया। समारोह में बड़ी संख्या में मीडिया से जुड़े लोग उपस्थित रहे, जिससे माहौल गरिमामय और उत्साहपूर्ण बना रहा। कार्यक्रम का आयोजन एक दैनिक समाचार पत्र द्वारा किया गया। इस दौरान अखिल राष्ट्र पत्रकार संघ के तत्वावधान में संघ से जुड़े पत्रकारों को फूल माला पहनाकर, प्रमाण पत्र और शील्ड देकर सम्मानित किया गया। इस सम्मान समारोह में लखीमपुर खीरी के तीन पत्रकार मो. तलहा हसन, अब्दुल कवी और राहुल सिंह विशेष रूप से सम्मानित किए गए। इन पत्रकारों को उनकी निष्पक्ष, सक्रिय और जमीनी पत्रकारिता के लिए सराहा गया। बताया गया कि इनकी रिपोर्टिंग ने आम लोगों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया और समाज तथा प्रशासन के बीच मजबूत संवाद स्थापित किया। मंच से इनके कार्यों की प्रशंसा की गई, जिस पर उपस्थित लोगों ने तालियों से उनका उत्साह बढ़ाया। सम्मानित अतिथियों में अखिल राष्ट्र पत्रकार संघ के संरक्षक संजय मिश्रा, वामिक खान, आसिफ उल्लाह खान, मोहम्मद गौस, नबी अहमद, शिवम् मोहित राठौड़, अलकैफ, चर्चिल, वासिफ खान, संजय दीक्षित, अनुज गुप्ता सहित कई अन्य पत्रकार उपस्थित रहे। लखीमपुर से आए पत्रकारों की मौजूदगी ने कार्यक्रम को और खास बना दिया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने पत्रकारिता की जिम्मेदारी, निष्पक्षता और लोकतंत्र में मीडिया की अहम भूमिका पर प्रकाश डाला।

# यूसीसी के एक वर्ष पूर्ण होने पर बागेश्वर में भव्य आयोजन

वेलकम इंडिया




**बागेश्वर**, गोविन्द मेहता,समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर विकास भवन सभागार, में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी बागेश्वर आकांक्षा कोंडे, जिपं अध्यक्ष शोभा आर्या एवं विधायक पार्वती दास द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया।कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनसमूह ने मुख्यमंत्री, का लाइव संबोधन सुना। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने समान नागरिक संहिता की मूल भावना, सामाजिक समरसता, समान अधिकारों तथा महिला सशक्तिकरण के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला।

इस अवसर पर जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों, ग्राम प्रशासकों, अधिशासी अधिकारियों एवं अन्य संबंधित हितधारकों से संवाद किया। उन्होंने यूसीसी के अंतर्गत पंजीकरण प्रक्रिया में आ रही व्यवहारिक समस्याओं एवं चुनौतियों की जानकारी ली तथा उनके प्रभावी समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने कहा कि समान नागरिक संहिता महिला सशक्तिकरण और सामाजिक समानता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कानून है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड संविधान के अनुच्छेद 44 को लागू करने वाला देश का प्रथम राज्य बना है तथा बागेश्वर जिला यूसीसी पंजीकरण में प्रदेश स्तर पर दूसरा स्थान प्राप्त कर चुका है। उन्होंने जिले में और अधिक प्रभावी क्रियान्वयन के लिए निरंतर प्रयास करने पर जोर दिया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी नेयूसीसी के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले ग्राम पंचायत विकास अधिकारी, ग्राम प्रधान, रजिस्ट्रार, सब-रजिस्ट्रार सहित अन्य अधिकारियों को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही विभिन्न यूसीसी जागरूकता प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों प्रियांशु, लक्षिका एवं अक्षत को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया।इस दौरान कमला देवी, सरस्वती देवी एवं नेहा देवी को यूसीसी मैरिज सर्टिफिकेट भी वितरित किए गए।वही उत्कृष्ट कार्य करने पर ग्राम प्रधान मीरा देवी, आनंद राम, देशराज कठायत, संदीप असवाल, बबीता कोरंगा, आनंद सिंह कपकोटी, धीरेन्द्र परिहार, महेंद्र सिंह, गौरव कुमार, अमित कुमार, रेणुका शाही सहित सीएससी संचालक मनोज सिंह, भागवत सिंह, सूरज कुमार और तहसील कार्यो में सबसे अव्वल और सबसे तेज कार्य करने हेतु पहचानी जानी वाली सीएससी संचालिका मीनू तिवारी एवं रोहित बहुगुणा शामिल रहे।

# गणतंत्र दिवस पर केएमयू में हुआ नशा हटाओ योगा बढ़ाओ का आव्हान

वेलकम इंडिया




**मथुरा**। केएम विश्वविद्यालय में 77वें गणतंत्र दिवस पर वंदे मातरम् वंदे मातरम्, मातरम्-मातरम् वंदे मातरम् के उद्घोष से पूरा कैम्पस देशभक्ति के रंग में नजर आया। केएमयू ने समस्त युवा पीढ़ियों के लिए नशा हटाओ योगा बढ़ाओ का आव्हान किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विवि के कुलाधिपति एवं जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी ने कहा आज का दिन संविधान का निर्माण करने वाले सभी राष्ट्र भक्तों, सभी स्वतंत्रता सेनानियों और देश के लिए किसी भी रूप में अपना योगदान देने वाले राष्ट्र प्रेमियों को याद करने का है। भारत माता मां के रूप में सर्व धर्मों के लोगों की गलतियों को क्षमा करती है, विभिन्नताओं में एकता वाला देश भारत है। भारत देश धर्म का देश है। छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा गुरू का सम्मान और आदर से ही विद्या प्राप्त होती है, शिक्षा को खरीदा जा सकता है लेकिन विद्या को नहीं। भगवान के बाद दूसरा पद गुरु का होता है। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि विवि के कुलाधिपति किशन चौधरी ने ध्वजारोहण और राष्ट्रगान के साथ की। जिसके बाद विवि के छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आयोजन किया गया। छात्रों के जोश, उत्साह और आत्मविश्वास ने पूरे माहौल को देशप्रेम से भर दिया। विवि के कुलपति डा. एनसी प्रजापति ने कहा गणतंत्र दिवस हमें हमारे अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों की भी याद दिलाता है। विकसित भारत अभियान के लिए हम सभी को देश प्रति संकल्पित होना है। उन्होंने विश्वविद्यालय की उपलब्धियों को बताते हुए कुलाधिपति के कुशल नेतृत्व की प्रशंसा की। विवि के कुलसचिव डा. पूरन सिंह ने मुख्य अतिथि, विशेष अतिथियों सहित विश्वविद्यालयों के आंगुन्तकों का अभिनंदन करते हुए संविधान, लोकतंत्र और राष्ट्रहित के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि आज के छात्र-छात्राएं ही कल के जिम्मेदार भारत के नागरिक हैं, जिन्हें देश की प्रगति में सकारात्मक भूमिका निभानी है। कार्यक्रम के अंत में कुलाधिपति के सलाहकार डॉ एस पी गोस्वामी ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए वंदेमातरम् के इतिहास एवं महत्व पर अपने विचार साझा किए और नशा हटाओ, योगा बढ़ाओ का आव्हान करते युवा पीढ़ी से नशा छोड़ने की अपील की। इससे पूर्व कार्यक्रम में छात्राओं ने देशभक्ति गीत, समूह नृत्य, एकल नृत्य और हरियाणवी नृत्य, गायन जैसी मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से भारत की संस्कृति, एकता और संविधान के मूल्यों को प्रभावी ढंग से दशार्या गया।

विवि के छात्र-छात्राओं की प्रस्तुतियों पर कुलाधिपति, कुलपति सहित सभी संकायों के डीन प्रोफेसरों ने खूब सराहा और तालियों से उत्साहवर्धन किया।

कार्यक्रम में मंच संचालन अभय गौड़, यतीका शर्मा छात्रा ने की। इस अवसर पर वेटरिनरी कालेज के डा. अशोक कुमार, डा. पीताम्बर, मेडीकल सुप्रीटेंट डा. अभय शूद, एडीशनल मेडीकल सुप्रीटेंट डा. आरपी गुप्ता, प्रहलाद, डीन प्रो. सुमित मोहन सहित सभी संकायों के डीन, प्रोफेसर, फैकल्टी मैम्बर्स व विवि के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## गैंगस्टर एक्ट में अपराधी को 2 साल की सजा

**बुलंदशहर**। गैंगस्टर एक्ट के एक मामले में न्यायालय ने अभियुक्त आरिफ पुत्र सलीम, निवासी मौहल्ला रुकनसराय (कोतवाली नगर) को दोषी ठहराते हुए 02 वर्ष के कारावास एवं ?5,000 के अर्थदंड की सजा सुनाई है। *विशेष लोक अभियोजक योगेश कुमार* ने बताया कि अभियुक्त अवैध मादक पदार्थों की तस्करी में संलिप्त सक्रिय गिरोह का सदस्य था। मामले की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश (विशेष न्यायाधीश) गैंगस्टर एक्ट, बुलंदशहर चंद्रविजय श्रीनेत की अदालत में हुई।

# डीएवी इंटर कॉलेज में गणतंत्र दिवस पर आर्य यज्ञ शाला का लोकार्पण



वेलकम इंडिया

**मथुरा/गोवर्धन**। राधाकुंड रोड स्थित डीएवी इंटर कॉलेज में गणतंत्र दिवस के अवसर पर भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नवीन आर्य यज्ञ शाला के लोकार्पण से हुआ, जिसका उद्घाटन आर्य स्वामी विपिन बिहारी जी महाराज द्वारा किया गया। इस अवसर पर आर्य यज्ञ एवं हवन का आयोजन किया गया, जिसमें राष्ट्र की उन्नति और कल्याण हेतु आहुतियाँ दी गईं।

इसके उपरांत पूर्ण गरिमा के साथ राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे को सलामी दी गई। कॉलेज के संस्थापक बाबा साहब चौधरी चौहल सिंह जी की प्रतिमा पर प्रबंध समिति के सदस्यों, प्रबंधक श्री नरेंद्र कुमार आर्य एवं संरक्षक चौधरी विनोद कुमार आर्य द्वारा माल्यार्पण किया गया। स्वामी विपिन बिहारी जी महाराज ने अपने प्रेरक उद्बोधन में छात्रों, शिक्षकों और उपस्थित नागरिकों से राष्ट्रसेवा के लिए सदैव तत्पर रहने का आह्वान किया। इस अवसर पर विद्यालय के संरक्षक चौधरी विनोद कुमार आर्य ने संस्था और विद्यार्थियों के हित में निरंतर प्रयास करने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम का संचालन श्री रामनिवास पाल ने किया। अंत में प्रधानाचार्य केशव देव शर्मा एवं प्रबंधक श्री नरेंद्र कुमार आर्य ने समस्त अतिथियों, अभिभावकों, मीडिया कर्मियों, शिक्षकगण, कर्मचारियों एवं छात्रों का आभार व्यक्त किया।

# कल्याणं करोति कर रही सच्ची नेत्र सेवा: लक्ष्मी नारायण

वेलकम इंडिया




**मथुरा**। अंधता निवारण के क्षेत्र में समर्पित संस्था कल्याणं करोति द्वारा 27 जनवरी सोमवार को धौलीप्याऊ स्थित अंजलि महल में निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 141 लोगों की नेत्र जांच की गई। 25 मोतियाबिंद रोगी मिले जिनमें से 20 आपरेशन के लिए तैयार हुए। 119 रोगियों को निःशुल्क दवा दी गई। शिविर का शुभारंभ कैबिनेट मंत्री चौ. लक्ष्मी नारायण ने किया। गणेश जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन कर उन्होंने कहा कि कल्याणं करोति का जचौंदा स्थित नेत्र संस्थान अत्याधुनिक सुविधाओं व योग्य चिकित्सकों के चलते सेवा के क्षेत्र में बहुत आगे जाएगा। पैसे वाले हों या निर्धन यहां दोनों को कुशल टीम द्वारा श्रेष्ठ नेत्र उपचार मिल रहा है। यह मथुरा वासियों के लिए गौरव की बात है। संस्था 150 किलोमीटर तक गरीबों के निःशुल्क आपरेशन, नेत्र विकार निदान का कार्य कर सच्ची सेवा कर रही है। शिविर में धौलीप्याऊ व्यापार मण्डल के अध्यक्ष मुकेश गुप्ता, महामंत्री नवीन अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, विशाल गुप्ता, योगेश पचौरी, संदीप अडूकी, गिरीश अग्रवाल, आकाश अग्रवाल एडवोकेट, अभय रावत आदि कि सहयोग रहा। ल्याणं करोति के योगेश ने रोगियों का पंजीकरण तथा पीआरओ तरुण यादव ने सभी का आभार प्रदर्शन किया।

# मथुरा वृन्दावन विकास प्राधिकरण की 108वीं बोर्ड बैठक हुई संपन्न

वेलकम इंडिया




**मथुरा**। आयुक्त, आगरा मंडल, आगरा, अध्यक्ष, मथुरा-वृन्दावन विकास प्राधिकरण शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में मथुरा वृन्दावन विकास प्राधिकरण की 108वीं बोर्ड बैठक संपन्न हुई। बैठक में सर्वप्रथम मथुरा वृन्दावन विकास प्राधिकरण के वित्तीय वर्ष 2026-27 के प्रस्तावित आय-व्ययक (बजट) को अनुमोदन प्रदान किया गया, जिसमें कुल रुपए 2082.84 करोड़ के आय-व्यय का प्रावधान किया गया है। इसके साथ ही रुपए 2053.57 करोड़ के प्रस्तावित व्यय को भी स्वीकृति दी गई।

बैठक में टीबी बोर्ड एवं सीबीआई से संबंधित माननीय उच्चतम न्यायालय से संलग्न विभिन्न प्रकरणों की पैरवी हेतु अधिवक्ता नियुक्त किए जाने की स्वीकृति प्रदान की गई। साथ ही टीबी बोर्ड एवं सीबीआई कोर्ट हेतु विशिष्टताओं के आधार पर विभिन्न पदों पर नियुक्ति किए जाने के प्रस्तावों को अनुमोदन दिया गया, जिनमें 5 अन्य अभियंता, 1 शहरी एक्सपर्ट, 1 जीआईएस एक्सपर्ट, 1 प्रोक्योरमेंट सलाहकार की आउटसोर्स माध्यम से नियुक्ति शामिल है। बैठक में तहसील सदर के ग्राम जैंत में प्राधिकरण द्वारा विकसित की जा रही आवासीय योजना में मानचित्रों में आंशिक संशोधन को स्वीकृति प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त गोवर्धन विकास आवासीय योजना के अंतर्गत प्राधिकरण की महायोजना-2031 के प्रस्तावित विकास क्रियान्वयन हेतु जोनल प्लान तैयार किए जाने तथा कॉरिडोर मॉडल के माध्यम से विभिन्न प्रतिष्ठानों के अंतर्गत क्लास-शॉप आवासीय योजना की दुकानों की सेल किए जाने के प्रस्ताव को भी स्वीकृति प्रदान की गई। समीक्षा के दौरान प्राधिकरण द्वारा संचालित विभिन्न विकास योजनाओं, परियोजनाओं की प्रगति तथा बोर्ड बैठक में लिए गए निर्णयों के अनुपालन की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई। मंडलायुक्त ने निर्देश दिए कि बोर्ड बैठक में अनुमोदित प्रस्तावों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने विकास कार्यों में पारदर्शिता, वित्तीय अनुशासन तथा कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। इसके साथ ही लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण एवं जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता देने पर बल दिया गया।

# गणतंत्र दिवस पर जीएम नर्सिंग पैरामेडिकल कॉलेज में भव्य आयोजन



वेलकम इंडिया

**मथुरा/गोवर्धन**। देश के 77 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर जीएम नर्सिंग पैरामेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल में भव्य एवं गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पूरा परिसर देशभक्ति के रंगों से सजा रहा। इस अवसर पर संस्थान के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि गणतंत्र दिवस हमें संविधान, लोकतंत्र और राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों की याद दिलाता है। जीएम नर्सिंग पैरामेडिकल कॉलेज में संचालित जी.एन.एम. एवं ए.एन.एम. नर्सिंग डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के माध्यम से छात्र स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में देश की सेवा के लिए निरंतर तैयार किए जा रहे हैं। संस्थान प्रबंधन ने कहा कि नर्स और पैरामेडिकल स्टाफ देश की स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़ हैं, जिनकी भूमिका आपातकाल से लेकर सामान्य जीवन तक अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। विद्यार्थियों को मानव सेवा, अनुशासन और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने की प्रेरणा दी गई। कार्यक्रम के अंत में सभी ने देश की एकता, अखंडता और संविधान की रक्षा का संकल्प लिया। संस्थान की ओर से सभी नागरिकों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी इसी उपलक्ष्य में कॉलेज प्रधानाचार्य चंचल कुमार सैनी, हॉस्पिटल के डॉक्टर ललित कुमार सैनी, विशाल सिंघल, कन्हैया, सागर शर्मा, नेहा, गुरुदेव, बलदेव, राम कुमार सैनी, बलराम, विष्णु, आदि स्टाफ मौजूद रहा।

# यूजीसी कानून के विरोध में सवर्ण समाज लोगों ने नारेबाजी कर राष्ट्रपति के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



वेलकम इंडिया

**डिबाई/बुलंदशहर**/यूजीसी कानून के विरोध में सवर्ण समाज के सैकड़ो लोगों ने तहसील डिबाई पर प्रदर्शन कर क्षत्रिय महासभा के मंडल अध्यक्ष ज्ञानेंद्र सिंह राघव के नेतृत्व में एसडीएम मनीष कुमार को महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा। मंगलवार को डिबाई क्षेत्र से जुड़े सवर्ण समाज के लोगों ने मंडल अध्यक्ष अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा मेरठ ज्ञानेंद्र सिंह राघव एवं सेवा निवृत फौजी जगदीश चौहान के साथ तहसील डिबाई के गेट पर सैकड़ो की संख्या में एकत्रित होकर यूजीसी एक्ट 2026 सरकार के विरोध में नारे बाजी करते हुए तहसील परिसर में महामहिम राष्ट्रपति के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया है।

# सिद्धि विनायक महाविद्यालय के स्टेडियम में हुई चौकों छक्कों की बरसात

वेलकम इंडिया



**मथुरा/गोवर्धन**। विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय खेल क्रिकेट का आयोजन सिद्धि विनायक महाविद्यालय द्वारा आयोजित युवा प्रतिभा महोत्सव के अंर्तगत किया गया। क्रिकेट मैच का फाइनल में राधा माधव इंटर कॉलेज गोवर्धन की टीम ने जीता। वही तिलक सिंह इंटर कॉलेज राल की टीम उप विजेता रही। क्रिकेट मैच का शुभारंभ निदेशक नंद किशोर शर्मा, प्राचार्य अशोक कुमार शर्मा ने संयुक्त रूप से गणेश जी महाराज का माल्यार्पण और पुष्पवर्षा करके किया। क्रिकेट मैच के आयोजन में विभिन्न इंटर कॉलेजों से आये प्रधानाध्यापकों, कोचों, अतिथियों का स्वागत महाविद्यालय की सचिव श्रीमति मधु शर्मा, सहनिदेशक सतीश शर्मा, विपुल शर्मा ने स्मृति चिन्ह देकर किया किया। प्रशासनिक अधिकारी और विधि विभागाध्यक्ष भारत उपाध्याय एडवोकेट ने टॉस उछालकर मैच शुरू कराया। कार्यक्रम का संचालन खेलकूद प्रभारी पीटीआई दिलीप यादव ने किया। अंपायर की भूमिका विष्णुकांत शर्मा, कुमरपाल सिंह, पवन कुमार ने निभाई। आयोजित रोमांचक क्रिकेट मैचों में बाल कृष्ण इंटर कॉलेज कोन्हाई, भगवान इंटर कालेज नीमगांव, लॉर्ड कृष्णा इंटर कॉलेज अडींग, तिलक सिंह इंटर कॉलेज राल, ध्रुव इंटर कॉलेज अडींग, मुरारी कुंज सरस्वती विद्या मंदिर गोवर्धन, रामचंद्र पब्लिक स्कूल पारासौली, वात्सल्य पब्लिक स्कूल गोवर्धन, श्रीजी बाबा इंटर कॉलेज जतीपुरा, दीनदयाल इंटर कॉलेज अडींग, निबोधता इंटर कॉलेज, मां गंगा देवी इंटर कॉलेज पैंठा, बाबा खुशहाल दास इंटर कॉलेज सबला की क्रिकेट टीमों ने प्रतिभाग किया।

# खटीक समाज द्वारा सम्मान समारोह का भव्य आयोजन हुआ

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ




**हापुड़**। शीतला माता मठ मंदिर परिसर में खटीक समाज हापुड़ द्वारा एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुँचीं भाजपा जिला अध्यक्ष कविता माधरे एवं भाजपा जिला महामंत्री मोहन सिंह का समाज के लोगों द्वारा फूल-मालाएं पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया।यह सम्मान समारोह हितेश मोदी के नेतृत्व में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष कविता माधरे को हितेश मोदी एवं उनकी पत्नी पूनम मोदी द्वारा चांदी का मुकुट पहनाकर सम्मानित किया गया।अपने संबोधन में भाजपा जिला अध्यक्ष कविता माधरे ने खटीक समाज के लोगों से शिक्षा, संगठन और सामाजिक एकता के माध्यम से समाज को आगे बढ़ाने का आह्वान किया।इस अवसर पर हितेश मोदी, पूनम मोदी, जयप्रकाश माधरे, अजीत सिंह माधरे, तुलाराम माधरे, आर्यन माधरे, आकाश माधरे, विकास माधरे, आयुषी माधरे सहित खटीक समाज के अनेक सम्मानित लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# गणतंत्र दिवस पर भारतीय किसान यूनियन टिकैत ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ



**हापुड़**। गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर ग्राम नानई स्थित किसान कैंप कार्यालय पर भारतीय किसान यूनियन टिकैत के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं द्वारा ध्वजारोहण के उपरांत रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में किसान, मजदूर एवं संगठन के कार्यकताओं ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानवता का कर्तव्य निभाया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि्ह्लरक्तदान महादान है, इससे अनगिनत जरूरतमंदों की जान बचाई जा सकती है। रक्तदान करने वाले सभी किसान-मजदूर भाइयों का निस्वार्थ सेवा भावना के लिए हृदय से आभार व्यक्त किया गया।इस मौके पर मेरठ मंडल मुख्य महासचिव दिनेश त्यागी, मंडल संगठन मंत्री महिपाल सिंह चौहान उर्फ गुजराल, मंडल महासचिव भवेंद्र सिसोदिया, मंडल प्रवक्ता नवदीप सिंह, मंडल उपाध्यक्ष सब्बू चौधरी, सुनील चौहान, मंडल सचिव राजू ठाकुर, महामंत्री मनोज प्रधान, मंडल सचिव फैजल खान, ब्लॉक अध्यक्ष वीरेंद्र लोधी, सरदार सुरेंद्र सिंह, डॉ. नेपाल लोधी, सरिता देवी, राजबीरी देवी, यामीन खान, धीरू चौहान, नवल खान सहित सैकड़ों किसान उपस्थित रहे।कार्यक्रम का समापन जय जवान, जय किसान, जय हिंदुस्तान के उद्घोष के साथ किया गया।

# 77वें गणतंत्र दिवस समारोह में मिसेज एशिया विजयता सचदेवा को गौरव रत्न एवं स्वामी विवेकानंद सम्मान से किया गया सम्मानित

वेलकम इंडिया



**वाराणसी**। छित्तूपुर स्थित आदर्श बालिका जूनियर हाईस्कूल के प्रांगण में इंडियन एसोसिएशन ऑफ जर्नलिस्ट (आईएजे) एवं रियल मीडिया फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में 77वां गणतंत्र दिवस समारोह बड़े ही हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए मिसेज एशिया एवं समाजसेविका विजयता सचदेवा को गौरव रत्न सम्मान एवं स्वामी विवेकानंद सम्मान से अलंकृत किया गया। उन्हें यह सम्मान प्रमाण पत्र एवं अंगवस्त्र प्रदान कर दिया गया। कार्यक्रम में रियल मीडिया फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. पंकज श्रीवास्तव, इंडियन एसोसिएशन ऑफ जर्नलिस्ट (आईएजे) के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. कैलाश सिंह विकास, मुख्य अतिथि प्रो. ओमप्रकाश शर्मा (वरिष्ठ रेडियोलॉजिस्ट) तथा विशिष्ट अतिथि डॉ. सुभाष चंद्र (संस्थापक अध्यक्ष, नादान परिंदे साहित्य मंच) सहित संगठन के पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया। समारोह के दौरान वक्ताओं ने मिसेज एशिया विजयता सचदेवा के समाज सेवा, महिला सशक्तिकरण एवं जनकल्याण के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उनका योगदान समाज के लिए प्रेरणास्रोत है।

# डा0 केएन मोदी विश्वविद्यालय में स्वचालित मौसम केंद्र की स्थापना




वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ)।** डा0 के0एन0 मोदी विश्वविद्यालय मोदीनगर, गाजियाबाद में स्वचालित मौसम केंद्र की स्थापना, आईआईटीएम पुणे के साथ ऐतिहासिक एमओयू डा0 के0एन0 मोदी विश्वविद्यालय मोदीनगर, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश में अत्याधुनिक स्वचालित मौसम केंद्र की स्थापना की जाएगी। इसके लिए डा0 के0एन0 मोदी विश्वविद्यालय और भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान (आईआईटीएम), पुणे के बीच एक महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक समझौता ज्ञापन (एमओयू) संपन्न हुआ है। इस पहल से गाजियाबाद जिले को मौसम संबंधी सटीक और वैज्ञानिक आंकड़े उपलब्ध होंगे, जिससे शोध, शिक्षा और कृषि सहित विभिन्न क्षेत्रों को बड़ा लाभ मिलेगा। भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान, पुणे, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक प्रतिष्ठित स्वायत्त अनुसंधान संस्थान है, जो मौसम, जलवायु परिवर्तन एवं पर्यावरणीय विज्ञान के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाता है। इस समझौते के अंतर्गत विश्वविद्यालय परिसर में स्थापित होने वाला स्वचालित मौसम केंद्र हवा की गति एवं दिशा, तापमान, आर्द्रता (नमी) और वायुदाब जैसे महत्वपूर्ण मौसमीय मानकों का निरंतर एवं सटीक रिकॉर्ड तैयार करेगा। इन आंकड़ों के माध्यम से स्थानीय स्तर पर अधिक सटीक मौसम पूवानुर्मान संभव हो सकेगा। समझौता ज्ञापन पर डा0 के0एन0 मोदी विश्वविद्यालय मोदीनगर, गाजियाबाद के कुलपति प्रो0 (डॉ0) पी0 एन0 हृषीकेशा ने भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान, पुणे के परियोजना वैज्ञानिक डॉ0 नितिग सिंह सहित अन्य वैज्ञानिकों की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर डॉ के0एन0 मोदी फाउंडेशन के कुलसचिव यू0एन0 मिश्रा, डा0 के0एन0 मोदी विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ0 रवि शंकर एवं आशीष मिश्रा उपस्थित रहे। इस अवसर पर दोनों संस्थानों के बीच अकादमिक, तकनीकी एवं वैज्ञानिक सहयोग को और अधिक मजबूत करने पर जोर दिया गया। स्वचालित मौसम केंद्र की स्थापना से गाजियाबाद जिले में स्थानीय मौसम से संबंधित विश्वसनीय वैज्ञानिक डेटा उपलब्ध होगा। इसका उपयोग उच्च शिक्षा एवं शोध, कृषि एवं किसान हित, आपदा प्रबंधन, जलवायु परिवर्तन अध्ययन, जल संसाधन प्रबंधन तथा शहरी एवं ग्रामीण विकास परियोजनाओं की योजना बनाने में किया जा सकेगा। इससे विद्यार्थियों और शोधार्थियों को व्यावहारिक अनुभव प्राप्त होगा, वहीं किसानों को मौसम आधारित निर्णय लेने में सहायता मिलेगी। इस अवसर पर कुलपति प्रो0 (डॉ0) पी0 एन0 हृषीकेशा ने कहा कि यह समझौता विश्वविद्यालय के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने विश्वास जताया कि स्वचालित मौसम केंद्र विद्यार्थियों, शिक्षकों और शोधकताओं के लिए एक सशक्त शोध एवं प्रशिक्षण मंच साबित होगा। साथ ही यह पहल क्षेत्रीय स्तर पर मौसम से जुड़े निर्णयों को अधिक वैज्ञानिक, सटीक और प्रभावी बनाने में सहायक होगी।

# आरकेजीआईटी के एमबीए विभाग में 5 दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का शुभारम्भ!




वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद,( अनिल वशिष्ठ)।** आरकेजीआईटी के एमबीए विभाग ने 27 जनवरी से 31 जनवरी 2026 तक 5 दिवसीय ऑनलाइन फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन निम्नलिखित विषय एआई युग में स्मार्ट रिसचः बिब्लियोमेट्रिक एनालिसिस, पीएलएस-सेम और एआई रिसर्च टूल्स पर किया। इस एफ डी पी का मकसद फैकल्टी में अच्छे रिसर्च पेपर लिखने की आदत विकसित करना हैक इस एफडीपी में प्रबंधन और इंजीनियरिंग स्ट्रीम के 100 से अधिक प्रतिभागी भाग ले रहे हैं क इस एफडीपी का उद्घाटन आरकेजीआईटी समूह के वाइस चेयरमैन अक्षत गोयल, सलाहकार डॉ.लक्ष्मण प्रसाद, कार्यकारी निदेशक डॉ.डी.के.चौहान, निदेशक डॉ बी सी शर्मा और एचओडी एमबीए डॉ.विभूति त्यागी द्वारा किया गया क आरकेजीआईटी के निदेशक डॉ. बी.सी. शर्मा ने इस एफडीपी का हिस्सा बनने के लिए अतिथि और प्रतिभागियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धी माहौल में केवल पढ़ाने से फैकल्टी को मदद नहीं मिलेगी, उन्हें अच्छा शोध करना चाहिए और अपने काम को प्रतिष्ठित पत्रिकाओं में प्रकाशित करना चाहिए। अक्षत गोयल, वाइस चेयरमैन, आरकेजीआईटी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन इस दिन के सम्मानित अतिथि थे। उन्होंने इस एफडीपी के लिए इतने महत्वपूर्ण विषय का चयन करने के लिए आयोजकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि अनुसंधान फैकल्टीज के लिए एक प्रकार का आभूषण है, और शोध पत्रों की गुणवत्ता को समाज की उपयोगिता के संदर्भ में मापा जाना चाहिए।उद्घाटन सत्र का समापन डॉ. शिखा मित्तल के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। उन्होंने एफ डी पी में योगदान के लिए सभी वक्ताओं, प्रतिभागियों और फैकल्टी आयोजकों को धन्यवाद दिया।

## उज्जीवन बैंक ने उच्च प्राथमिक विद्यालय अकडोली में धूमधाम से मनाया गणतंत्र दिवस



वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह

**हापुड़।** उज्जीवन बैंक, हापुड़ शाखा द्वारा 26 जनवरी 2026 को गणतंत्र दिवस समारोह उच्च प्राथमिक विद्यालय, अकड़ोली (बुलंदशहर रोड, हापुड़) में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बैंक शाखा ने आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों के साथ मिलकर राष्ट्र पर्व मनाते हुए सामाजिक सरोकार की अनूठी मिसाल पेश की।कार्यक्रम के दौरान बच्चों को उनके शैक्षिक कार्यों एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अवार्ड एवं राष्ट्रीय ध्वज भेंट कर प्रोत्साहित किया गया। बच्चों ने देशभक्ति गीतों पर मनमोहक सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत किए तथा विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस आयोजन से विद्यालय के बच्चों में उत्साह, आत्मविश्वास एवं देशभक्ति की भावना देखने को मिली।समारोह में उदय श्रीवास्तव (शाखा प्रबंधक, उज्जीवन बैंक), मयंक गौड़ (रिलेशनशिप मैनेजर), प्रियम अभिषेक, बैंक कर्मचारी, वसीम चौधरी (जिला पंचायत प्रत्याशी, ग्राम सलाई), मुकेश (प्रधान अध्यापक, उच्च प्राथमिक विद्यालय अकड़ोली), अजय ठेकेदार, आकाश दत्त शर्मा (टाइम्स नाउ नवभारत), विकास शर्मा (एबीपी न्यूज) सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।कार्यक्रम के समापन पर अतिथियों ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए ऐसे सामाजिक व शैक्षिक आयोजनों को निरंतर जारी रखने की आवश्यकता पर बल दिया।

## एमआईईटी में 77वें गणतंत्र दिवस पर हुआ ध्वजारोहण, देशभक्ति के रंग में रंगा परिसर



उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार

**मेरठ।** मेरठ इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (एमआईईटी) में 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय ध्वजारोहण समारोह गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर संस्थान के वाइस चेयरमैन गौरव अग्रवाल एवं कैंपस निदेशक डॉ. संजय कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से तिरंगा फहराया। राष्ट्रगान के पश्चात ह्लभारत माता की जयह्व के उद्घोष से पूरा परिसर देशभक्ति की भावना से गूंज उठा।

समारोह को संबोधित करते हुए वाइस चेयरमैन गौरव अग्रवाल ने कहा कि वर्ष 2025 में भारत ने ऑपरेशन सिंदूर सहित कई साहसिक एवं महत्वपूर्ण अभियानों को सफलतापूर्वक अंजाम देकर वैश्विक मंच पर अपनी सशक्त पहचान स्थापित की है। उन्होंने कहा कि देश की जीडीपी में लगभग 8 प्रतिशत की वृद्धि के साथ भारत आज विश्व के शक्तिशाली राष्ट्रों की श्रेणी में शामिल हो चुका है। कैंपस निदेशक डॉ. संजय कुमार सिंह ने अपने संबोधन में शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं से देश और राष्ट्र के प्रति निष्ठावान रहने का आह्वान किया। उन्होंने सभी को अपने कर्तव्यों का ईमानदारी एवं समर्पण भाव से निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. हनी तोमर, चीफ प्रॉक्टर राणा तोप सिंह पुंडीर, मीडिया हेड अजय चौधरी, अखिल गौतम एवं मनोज अग्रवाल सहित संस्थान के शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## बालिका विद्यालय में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 77वां गणतंत्र दिवस

**गाजियाबाद।** 26 जनवरी को 77वें गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर श्री ठाकुर द्वारा संचालित बालिका विद्यालय में राष्ट्रीय पर्व को अत्यंत हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। इस शुभ अवसर पर विद्यालय के उपाध्यक्ष दिनेश कुमार गोयल एवं विद्यालय प्रबंधक ज्ञान प्रकाश गोयल द्वारा संयुक्त रूप से राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। ध्वजारोहण के उपरांत विद्यालय परिसर राष्ट्रगान और वंदे मातरम् के सामूहिक गायन से देशभक्ति के रंग में रंग गया। उपस्थित जनसमूह ने राष्ट्र के प्रति सम्मान, एकता और संवैधानिक मूल्यों के प्रति अपनी निष्ठा व्यक्त की। कार्यक्रम में विद्यालय की प्रबंध समिति की ओर स मोहित गुप्ता, ईश्वर सिंह गुप्ता, विभोर गोयल, विपिन कंसल सहित अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया।

## बीटीएम पब्लिक स्कूल में गणतन्त्र दिवस बड़े धूमधाम से मनाया



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ)।** सीकरी रोड़ मानकी मोदीनगर स्थित बीटीएम पब्लिक स्कूल में गणतन्त्र दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डा० कर्ण सिंह (विधायक प्रतिनिधि) महामाया मण्डल अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा विशिष्ट अतिति रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान भानकी मौ० नियाज अध्यद ने की। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। संस्थान के चैयरमैन सतीश तेवतिया व सभी अतिथियों ने ध्वजारोहण किया। व नर्सरी से कक्षा 12 तक विद्यधियों का पिछले सत्र में प्रथम, द्वितीय, तृतीय आने वाले विद्यार्थियों को गोल्ड, सिलर व कास्य मैडत प्रदान किये। कार्यक्रम म का का संचालन सुमित व सहजीन मैडम ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य पी शर्मा, अनीता, रीना, रेखा, खुशबू, दिनेश विवेक, सुमन राजकुमारी मोनिका संगीता बबीता, शैली व भारी संख्या में अविभावक उपस्थित रहे।

## पूर्व सैनिक संघ मोदीनगर ने 77 वां गणतंत्र दिवस गया मनाया




वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ)।** पूर्व सैनिक संघ मोदीनगर ने 77 वाँ गणतंत्र दिवस शहीद चौक, राज चोपला पर मनाया। देश की शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। संविधान निमार्ता डॉ० भीमराव अम्बेडकर को याद किया गया। सैनिकों ने देशभक्ति के गीत और नारे लगाये । मोदीनगर विधायक डॉक्टर मंजू शिवाच चेयरमैन विनोद वैशाली और सैनिक संघ के संस्थापक व्रजभूषण अग्रवाल ने सैनिकों का राष्ट्र के लिए योगदान की सराहना की। देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर सुनील त्यागी धीरेन्द्र शर्मा राकेश तोमर बजपाल, दिनेश शर्मा, विनोद श्रीपाल, नफे सिह, चंद्रपाल, जिले सिंह, सेंसर पाल, देवेंद्र गिरी, और भारी संख्या में अन्य पर्व सैनिक मौजूद रहे। ब्लाक प्रमुख श्रीमती सुचेता सिंह ने भी सैनिकों का हौसला बढाया।

## मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में उत्साहपूर्ण गणतंत्र दिवस समारोह

**गाजियाबाद।** वसुंधरा स्थित मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस ऑडिटोरियम में भारत के 77वें गणतंत्र दिवस का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीतों पर आधारित नृत्य, कविताएं और सम्भाषण प्रस्तुत कर कार्यक्रम को यादगार बना दिया। इस समारोह में मेवाड़ इंस्टीट्यूशंस की निदेशक डॉ. अलका अग्रवाल, अर्पित माहेश्वरी, अविक सिंहल और अद्विक माहेश्वरी ने परिसर में राष्ट्रीय ध्वज फहराया।

## बालबाड़ी पब्लिक स्कूल में 77 वां गणतन्त्र दिवस धूमधाम के साथ मनाया



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ)।** बालबाड़ी पब्लिक स्कूल में 77 वाँ गणतन्त्र दिवस का आयोजन बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। आज ही के दिन जनवरी, 1950 को हमारे देश का संविधान लागू हुआ जो भारत की अनेकता में एकता का मार्गदर्शक है। यह दिवस हमारे भारतीय होने पर गर्व को और अधिक बढ़ा देता है। खासकर स्कूलों में होने वाले गणतन्त्र दिवस समारोह में भाषण निबन्ध जैसे कार्यक्रमों में जब छात्र एवं छात्राएं शामिल होते हैं तब उन्हें अपने देश का इतिहास गौरव व गणतन्त्र को समझाने का एक बेहतरीन मौका मिलता है। इस अवसर पर छोटे-2 बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से नृत्य, भाषण व देशभक्ति गीतों से अपनी-अपनी कला का प्रदर्शन करते हुए सभी के मन में देश प्रेम का भाव जागृत किया। अंत में अध्यापिकाओं ने देशभक्ति गीत गाएं। इस कार्यक्रम में चेयरमैन संजयजैन , निर्देशक विनय रुहेला, प्रधानाचार्या श्रीमती डॉ. नीरज जोशी व व सभी शिक्षकगण ने सभी छात्र एवं छात्राओं की सराहना करते हुए आशीर्वाद दिया व उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# आदर्श कन्या इंटर कॉलेज में 77 वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ)।** आदर्श कन्या इंटर कॉलेज, गोविंदपुरी में 77वां गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। इस पावन अवसर पर विधायक डॉ0 मंजू शिवाच एवं मोदीनगर नगरपालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रहे, उनके आगमन पर विद्यालय परिवार एवं प्रबंधक कुंदन लाल चावला, उप प्रबंधक विजय मेहरा व अन्य प्रबंध समिति के सदस्यों द्वारा उनका आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती मंजू शिवाच एवं विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती शिवाली बंसल द्वारा ध्वजारोहण संयुक्त रूप से किया गया। छात्राओं की देशभक्ति से ओत प्रोत प्रस्तुतियों ने सभी उपस्थित अतिथियों का मन मोह लिया तथा पूरे वातावरण को राष्ट्रप्रेम की भावना से सराबोर कर दिया।

इस अवसर पर श्रीमती मंजू शिवाच ,पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली, प्रधानाचार्या श्रीमती शिवाली बंसल व विद्यालय की प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष अजय ग्रोवर ने छात्राओं को संबोधित करते हुए संविधान के महत्व, देश के प्रति कर्तव्यों और नारी सशक्तिकरण पर अपने विचार रखे। इस अवसर पर विद्यालय की प्रबंध समिति से प्रबंधक कुंदन लाल चावला उप प्रबंधक विजय मेहरा, अजय ग्रोवर तथा समिति के अन्य सदस्य श्री राजकुमार गुप्ता, श्री नित्य प्रकाश शर्मा, संजय नैय्यर, सहित अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय की समस्त शिक्षिकाओं, लिपिक वर्ग, अन्य कर्मचारियों तथा छात्र-छात्राओं का विशेष योगदान रहा।


## एमआईईटी पब्लिक स्कूल समूह में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस




वेलकम इंडिया

**मेरठ,( अनिल वशिष्ठ)।** एमआईईटी पब्लिक स्कूल, मवाना रोड, एमआईईटी पब्लिक स्कूल, पल्लवपुरम तथा एमआईईटी पब्लिक स्कूल, जागृति विहार में 77 वां गणतंत्र दिवस उत्साह, गरिमा एवं देशभक्ति के वातावरण में मनाया गया।इस अवसर पर विद्यालय चेयरमैन विष्णु शरण अग्रवाल द्वारा ध्वजारोहण किया गया। समारोह में विद्यालय वाइस चेयरमैन गौरव अग्रवाल की गरिमामयी उपस्थिति रही। ध्वजारोहण के पश्चात विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं स्टाफ सदस्यों ने सामूहिक रूप से राष्ट्रगान गाकर राष्ट्रध्वज को नमन किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत मार्च पास्ट, देशभक्ति समूह गान, भावपूर्ण नृत्य, नाट्य प्रस्तुति ऑपरेशन सिंदूर, जिमनास्टिक प्रदर्शन तथा हिंदी एवं अंग्रेजी भाषणों ने सभी को भावविभोर कर दिया। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से संविधान की गरिमा, मौलिक अधिकारों एवं कर्तव्यों, बलिदान और राष्ट्रप्रेम की भावना को प्रभावी ढंग से प्रदर्शित किया गया। इस अवसर पर मवाना रोड की प्रधानाचार्या रुपाली सहगल, पल्लवपुरम की प्रधानाचार्या नवनीत चड्ढा तथा जागृति विहार की प्रधानाचार्या डॉ. सिल्की वर्मा ने संयुक्त रूप से विद्यार्थियों को संविधान के मूल्यों को अपनाने, अनुशासन बनाए रखने तथा जिम्मेदार नागरिक बनने का संदेश दिया। समारोह का समापन राष्ट्रभक्ति, अनुशासन एवं उत्साह के वातावरण में हुआ।

## नाले में गिरे मासूम की तलाश में इंस्पेक्टर फायरमैन खुद उतरे नाले में, रेस्क्यू जारी



उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार

**मेरठ।** नोएडा की हालिया घटना के बावजूद प्रशासन की लापरवाही एक बार फिर सामने आई है। टीपी नगर थाना क्षेत्र के दिल्ली रोड स्थित मेरठ ब्लॉक के बाहर बने नाले में शनिवार को एक 8 से 10 वर्षीय मासूम बालक नाले में गिर गया। बताया गया कि बालक कांच की खाली बोतलें निकालने के लिए नाले के किनारे झुका था, तभी संतुलन बिगड़ने से वह नाले में जा गिरा। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। राहगीरों ने तुरंत पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना मिलते ही टीपी नगर थाना पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और नाले में सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया। हालात की गंभीरता को देखते हुए तीन जेसीबी मशीनें मौके पर मंगाई गईं और नाले में खुदाई कर तलाश की जा रही है। रेस्क्यू अभियान के दौरान थाना प्रभारी इंस्पेक्टर अरुण मिश्रा और दो फायरमैन सौरभ और बबलू ने साहस का परिचय देते हुए स्वयं नाले में उतरकर बच्चे की तलाश की। वहीं सूचना पर सीओ ब्रह्मपुरी सुचिता सिंह भी मौके पर पहुंचीं और पूरे अभियान की निगरानी की। काफी देर तक चले सर्च ऑपरेशन में पुलिस, फायर ब्रिगेड और नगर निगम की संयुक्त टीमें जुटी रहीं। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में स्थानीय लोग भी मौके पर जमा हो गए और मासूम के सकुशल मिलने की दुआ करते नजर आए। टीपी नगर थाना प्रभारी अरुण मिश्रा ने बताया कि 112 कंट्रोल रूम पर राहगीर द्वारा सूचना दी गई थी। फिलहाल सर्च अभियान जारी है और अब तक बच्चे के संबंध में कोई ठोस जानकारी सामने नहीं आई है। प्रशासन हर संभव प्रयास कर रहा है।

# रेजिडेंशियल इलाकों में खुलेआम कमर्शियल लूट

## बार-बार खबरें, पुख्ता सबूत, उच्च अधिकारियों तक शिकायत फिर भी जीडीए मौन क्यों?

वेलकम इंडिया गाजियाबाद

**गाजियाबाद (अरुण मिश्रा)।** यह महज लापरवाही नहीं, बल्कि पूरे सिस्टम पर उठता गंभीर सवाल है। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) के अंतर्गत आने वाले कई रेजिडेंशियल इलाकों–राजेंद्र नगर, साहिबाबाद, इंदिरापुरम, वैशाली सहित अन्य क्षेत्रों में–बिना स्वीकृत मानचित्र के कमर्शियल निर्माण धड़ल्ले से जारी है।

रेजिडेंशियल जोन में कमर्शियल मार्केट, शटर, बेसमेंट और बहुमंज़िला इमारतें खड़ी की जा रही हैं। तस्वीरें, वीडियो और जीपीएस लोकेशन यह साबित कर चुके हैं कि निर्माण न तो छिपकर हो रहा है और न ही छोटे स्तर पर–बल्कि खुलेआम, तेज रफ्तार और पूरे आत्मविश्वास के साथ।

सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि

?? यह खबर एक बार नहीं, कई बार प्रकाशित हो चुकी है

?? मामला जीडीए के उच्च अधिकारियों और उपाध्यक्ष नंद किशोर कलाल तक कई बार पहुंच चुका है

?? अधिकारियों द्वारा मौखिक आश्वासन भी दिए जा चुके हैं

इसके बावजूद जमीनी हकीकत जस की तस है। जहां कहीं कार्रवाई










की बात कही गई, वहां सील तोड़कर दोबारा निर्माण शुरू कर दिया गया। ग्रीन नेट लगाकर अवैध निर्माण छिपाने की कोशिश, सड़कों पर मलबा और निर्माण सामग्री–सब कुछ साफ दिख रहा है, लेकिन ॠऊअ की आंखें बंद हैं।

स्थानीय लोगों का सीधा आरोप है कि

बिना विभागीय संरक्षण के इतना बड़ा अवैध कमर्शियल निर्माण संभव ही नहीं है।

अगर निगरानी तंत्र ईमानदार होता तो–

सील नहीं टूटती

निर्माण सामग्री नहीं आती

मजदूरों की कतारें नहीं लगतीं

यह स्थिति आम जनता के मन में एक ही सवाल छोड़ती है–

क्या कानून सिर्फ आम आदमी के लिए है?

जहां गरीब या मध्यम वर्ग का व्यक्ति एक ईंट रख दे तो तुरंत नोटिस, जुमार्ना और बुलडोजर चल जाता है,

वहीं बिल्डर पूरे के पूरे टावर खड़े कर दे तो

प्राधिकरण सिर्फ आश्वासन देकर चुप बैठ जाता है।

इस अवैध निर्माण से–

रेजिडेंशियल क्षेत्रों का स्वरूप बिगड़ रहा है

भविष्य में ट्रैफिक जाम, पार्किंग संकट, सीवरेज और सुरक्षा की गंभीर समस्याएं खड़ी होंगी

बिना नक्शा पास और शुल्क जमा किए निर्माण होने से सरकारी राजस्व को भारी नुकसान पहुंच रहा है

अब सवाल सीधे जीडीए और शासन से है–

आम जनता के 5 सीधे सवाल

रेजिडेंशियल इलाकों में खुलेआम कमर्शियल निर्माण के बावजूद जीरो टॉलरेंस नीति जमीन पर क्यों नहीं दिख रही?

फोटो, वीडियो और लोकेशन के साथ खबरें बार-बार छपने के बाद भी कार्रवाई क्यों नहीं हो रही?

क्या बिल्डरों के लिए कानून अलग और आम नागरिकों के लिए अलग है?

राजस्व नुकसान की जिम्मेदारी किस अधिकारी की है?

क्या अब सिर्फ कागजी जांच होगी या दोषी अधिकारियों पर निलंबन, ॠकफ और सख़्त कार्रवाई भी होगी?

स्थानीय नागरिकों का साफ कहना है कि

अगर अब भी ठोस कार्रवाई नहीं हुई, तो मामला शासन, विजिलेंस और न्यायालय तक ले जाया जाएगा।

अब सबसे बड़ा सवाल यही है–

जब खबरें छप चुकीं, अधिकारी जान चुके, उपाध्यक्ष तक बात पहुंच चुकी

तो फिर आम जनता को भरोसे और न्याय का आश्वासन आखिर मिलेगा कहां से?

# जिलाधिकारी की जनसुनवाई में शिकायतों का स्थलीय निरीक्षण और फीडबैक लेने के निर्देश

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** कलेक्ट्रेट कार्यालय में मंगलवार को जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ द्वारा जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रार्थियों की संख्या में लगातार वृद्धि देखी गई, जो प्रशासन की पारदर्शिता और नागरिक सहभागिता की ओर बढ़ते जन विश्वास का संकेत है। जनसुनवाई में नगर निगम, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए), विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग सहित अन्य विभागों से संबंधित प्रार्थना एवं शिकायतें प्राप्त हुईं। जिलाधिकारी महोदय ने सभी प्रार्थियों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और उनकी गंभीरता को समझते हुए यह सुनिश्चित किया कि सभी मामलों का समाधान गुणवत्तापूर्ण तरीके से किया जाएगा। जिलाधिकारी ने प्रार्थियों से यह भी जाना कि क्या उन्होंने इस संबंध में पहले कोई प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया था। सभी नागरिकों को भरोसा दिलाया गया कि उनकी समस्याओं का समाधान शीघ्र और प्रभावी ढंग से किया जाएगा। जिलाधिकारी महोदय ने सभी संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जनसुनवाई में प्रस्तुत सभी शिकायतों का शत-प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि जिन शिकायतों का स्थलीय निरीक्षण संभव हो, उसका निरीक्षण अवश्य किया जाए ताकि समाधान वास्तविक और ठोस हो। इसके साथ ही प्रत्येक निस्तारित शिकायत के बाद शिकायतकर्ता से उसका फीडबैक लेना भी अनिवार्य किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि जन शिकायतों के प्रभावी समाधान के लिए अधिकारी सदैव तत्पर रहें। उनकी प्राथमिक जिम्मेदारी यह है कि प्रत्येक नागरिक की समस्या का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निपटारा सुनिश्चित किया जाए।

# गणतंत्र दिवस पर जीडीए में हुआ ध्वजारोहण, गरीब और कमजोर वर्ग तक पहुंचाना हमारी संवैधानिक जिम्मेदारी



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** 77वें गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) परिसर में गरिमामय वातावरण में ध्वजारोहण किया गया। कार्यक्रम में प्राधिकरण के उपाध्यक्ष नंदकिशोर कलाल द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। इस मौके पर प्राधिकरण के अधिकारी, कर्मचारी एवं श्रमिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। ध्वजारोहण के उपरांत राष्ट्रगान गाया गया और संविधान के मूल्यों पर चलने का सामूहिक संकल्प लिया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपाध्यक्ष ने कहा कि जीडीए की भूमिका केवल भवनों, सड़कों और योजनाओं के निर्माण तक सीमित नहीं है, बल्कि आम नागरिक के जीवन को सरल, सुरक्षित और सम्मानजनक बनाना प्राधिकरण का मूल उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि समाज में यह धारणा बन गई है कि विकास प्राधिकरण केवल संपन्न वर्ग के हित में कार्य करता है, जबकि इस सोच को बदलना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

उपाध्यक्ष ने कहा कि यह बदलाव केवल भाषणों और घोषणाओं से नहीं आएगा, बल्कि प्राधिकरण के प्रत्येक अधिकारी और कर्मचारी के कार्य, व्यवहार और निर्णयों में दिखाई देना चाहिए। शासन की प्राथमिकता है कि गरीब, कमजोर, निम्न आय एवं मध्यम वर्गीय परिवारों को आवास, आधारभूत सुविधाओं और विकास योजनाओं का वास्तविक लाभ मिले। इसी लक्ष्य को केंद्र में रखकर प्राधिकरण को अपनी प्रत्येक योजना और नीति तैयार करनी होगी। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों से आह्वान किया कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी ईमानदारी, पारदर्शिता, संवेदनशीलता और उत्तरदायित्व के साथ करें। आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित, निष्पक्ष और समयबद्ध समाधान ही जनता का विश्वास जीतने का माध्यम है। उपाध्यक्ष ने कहा कि जब जनता को यह विश्वास होगा कि प्राधिकरण उनके हित में कार्य कर रहा है, तभी गाजियाबाद विकास प्राधिकरण एक सशक्त और जन-विश्वास आधारित संस्था के रूप में स्थापित होगा। कार्यक्रम के अंत में उपाध्यक्ष महोदय ने सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं नागरिकों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं और राष्ट्र निर्माण में अपने-अपने दायित्वों को निष्ठा और ईमानदारी से निभाने का संकल्प दोहराया।

# पूर्व पुलिस महानिदेशक बी. एस. बेदी का निधन






वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश एवं जम्मू-कश्मीर के पूर्व पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के पूर्व सदस्य तथा ग्रीन शाइन वर्ल्ड स्कूल के संस्थापक सदस्यों में से एक, बी. एस. बेदी का 25 जनवरी (रविवार) को अपराह्न 3:30 बजे आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन से प्रशासनिक, शैक्षिक और सामाजिक क्षेत्र में गहरा शोक व्याप्त है। श्री बी. एस. बेदी को एक अनुशासनप्रिय, ईमानदार और दूरदर्शी प्रशासक के रूप में विशेष पहचान प्राप्त थी। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान प्रशासनिक सेवाओं में उच्च मानदंड स्थापित किए। शिक्षा के क्षेत्र में भी उनका योगदान उल्लेखनीय रहा। ग्रीन शाइन वर्ल्ड स्कूल की स्थापना और उसके शैक्षिक व नैतिक मूल्यों को आकार देने में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही, जिसके कारण यह संस्थान समाज में एक विशिष्ट पहचान बना सका। ग्रीन शाइन वर्ल्ड स्कूल के चेयरमैन जगबीर सिंह ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि श्री बेदी का निधन संस्था के लिए एक अपूरणीय क्षति है। उन्होंने कहा कि दिवंगत श्री बेदी के विचार, आदर्श और मार्गदर्शन सदैव संस्था को दिशा प्रदान करते रहेंगे तथा आने वाली पीढियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बने रहेंगे। दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करने के उद्देश्य से ग्रीन शाइन वर्ल्ड स्कूल प्रबंधन द्वारा 26 एवं 27 जनवरी को दो दिवसीय शोक अवकाश घोषित किया गया है। इस दौरान विद्यालय परिवार द्वारा ईश्वर से प्रार्थना की गई कि वह दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा शोकाकुल परिवार को इस असहनीय दुःख को सहने की शक्ति प्रदान करें।

# नई बस्ती थोक दवा मंडी में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 77वाँ गणतंत्र दिवस

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** 26 जनवरी को राष्ट्रीय पर्व 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर पूर्व की भांति नई बस्ती थोक दवा मंडी स्थित संस्था कार्यालय पर देशभक्ति और उल्लास के वातावरण में गणतंत्र दिवस समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महानगर उद्योग व्यापार मंडल के महानगर अध्यक्ष गोपीचंद प्रधान, महामंत्री अशोक चावला तथा संस्था के अध्यक्ष राजदेव त्यागी और महामंत्री जयदीप गुप्ता ने संयुक्त रूप से राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इसके पश्चात राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम को गरिमामय ढंग से सम्पन्न किया गया। ध्वजारोहण के दौरान उपस्थित सभी दवा व्यापारियों ने 'आन देश की, शान देश की, देश की हम संतान हैं-तीन रंगों से रंगा तिरंगा अपनी यह पहचान है' जैसे देशभक्ति गीतों के माध्यम से राष्ट्रप्रेम का भाव प्रकट किया। पूरा परिसर देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया। कार्यक्रम में संस्था के संरक्षक योगेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष आर. पचोरी सहित बड़ी संख्या में दवा व्यापारी उपस्थित रहे। उपस्थित सदस्यों ने एकजुट होकर संविधान के आदर्शों पर चलने तथा ईमानदारी और समर्पण के साथ अपने सामाजिक एवं व्यावसायिक दायित्वों के निर्वहन का संकल्प लिया। इस अवसर पर गाजियाबाद केमिस्ट एसोसिएशन (पंजीकृत), जो ओसीडी यूपी एवं एआईओसीडी से संबद्ध है, के अध्यक्ष राजदेव त्यागी ने कहा कि गणतंत्र दिवस हमें हमारे संविधान, अधिकारों और कर्तव्यों की याद दिलाता है।

# 77वें गणतंत्र दिवस पर राष्ट्रीय लोकदल कार्यालय में हुआ भव्य ध्वजारोहण

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर मेरठ रोड स्थित राष्ट्रीय लोकदल कार्यालय में देशभक्ति और राष्ट्रीय गौरव से ओत-प्रोत वातावरण में ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय लोकदल के सम्मानित नेतागणों, कार्यकताओं एवं देशभक्तों के साथ राष्ट्रीय ध्वज फहराने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। ध्वजारोहण के उपरांत सभी उपस्थितजनों ने राष्ट्रगान का सामूहिक गायन कर उन अमर शहीदों को श्रद्धापूर्वक स्मरण किया, जिनके त्याग और बलिदान के कारण आज देश स्वतंत्र है। वक्ताओं ने कहा कि गणतंत्र दिवस भारत के प्रत्येक नागरिक के लिए सबसे बड़ा राष्ट्रीय पर्व है और यह दिन हमें उन शहीदों के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने का अवसर देता है, जिन्होंने अपनी जान की परवाह किए बिना देश को आजादी दिलाई। उन्हीं के बलिदान से आज हम स्वतंत्र वातावरण में जीवन जी पा रहे हैं। कार्यक्रम के पश्चात भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह के चरणों में माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई और उनके योगदान को स्मरण करते हुए नमन किया गया।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष रामपाल चौधरी, मेरठ मंडल प्रभारी इंद्रजीत सिंह 'टीटूज, अर्बन कमेटी उत्तर प्रदेश के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष (माइनॉरिटी) एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य तेजपाल चौधरी, अजय प्रमुख, सीनियर एडवोकेट अजयवीर चौधरी, अरुण भुल्लन, अरुण दहिया, मौर्य, जयदीप चौधरी, ललित सैन, जिला सचिव दिनेश शर्मा सहित अनेक वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में महिला विंग की पदाधिकारियों की भी उल्लेखनीय भागीदारी रही। इसके अतिरिक्त मोदीनगर, मुरादनगर एवं गाजियाबाद से राष्ट्रीय लोकदल के विभिन्न पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। पूरे कार्यक्रम में राष्ट्रप्रेम, एकता और संविधान के प्रति सम्मान की भावना स्पष्ट रूप से दिखाई दी।

